


राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

# समय दर्शन

रायपुर, दुर्ग एवं जगदलपुर से प्रकाशित

ESTD : Since 2011

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ




वर्ष 15, अंक 132 | पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रूपये | दुर्ग, गुरूवार 02 अप्रैल 2026 | www.samaydarshan.in

## संक्षिप्त समाचार

### मोहाली में 13 करोड़ की ठगी मामले में आप नेता राकेश सोमन गिरफ्तार

**मोहाली।** पंजाब के मोहाली में एक बड़े धोखाधड़ी मामले में पुलिस ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेता राकेश सोमन उर्फ रॉकी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई एक रियल एस्टेट कारोबारी से 13 करोड़ रुपए से अधिक की कथित ठगी के आरोप में की गई। इस मामले में उनकी पत्नी बलजीत कौर और सहयोगी बिक्रम सूरी के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार, राकेश सोमन लंबे समय से राजनीति में सक्रिय रहा है। लोकसभा चुनाव के दौरान बहुजन समाज पार्टी ने उसे अपना उम्मीदवार घोषित किया था, हालांकि बाद में उसने पार्टी छोड़कर आम आदमी पार्टी (आप) का दामन थाम लिया। इस पृष्ठभूमि के चलते मामले ने और भी संवेदनशीलता हासिल कर ली है।

पीड़ित कारोबारी ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि राकेश सोमन ने अपने राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल करके धमकाया। आरोपी ने गैंगस्टरों के जरिए नुकसान पहुंचाने और झूठे मामलों में फंसाने की धमकी दी, जिससे कारोबारी मानसिक दबाव में आ गया।

घटना के अनुसार, राकेश सोमन एक अन्य मामले में पेशी के लिए अदालत पहुंचा हुआ था, तभी पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने की कोशिश की। इस दौरान उसने मौके से भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसका पीछा किया और कुछ ही दूरी पर उसे काबू कर लिया।

पुलिस ने आरोपी और उसके सहयोगियों के खिलाफ धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात और धमकी देने जैसी गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है और जांच आगे बढ़ा दी गई है।

### सरकारी आदेशों की अनदेखी पड़ी भारी, एटा के डीपीआरओ मोहम्मद राशिद सस्पेंड

**एटा।** एटा में जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) मोहम्मद राशिद पर बड़ी कार्रवाई की गई है। उन पर सरकारी काम में लापरवाही और उच्च अधिकारियों के आदेशों की अनदेखी करने का आरोप लगा है। इसी वजह से उन्हें निलंबित कर दिया गया है। यह प्रकरण सेवानिवृत्त सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) रूपलाल से संबंधित है। शासन स्तर से रूपलाल को पूर्व में %नोशनल प्रमोशन% प्रदान की गई थी, जिसके पश्चात उनके वेतन निर्धारण और देय लाभों के निस्तारण हेतु स्पष्ट निर्देश जारी किए गए थे। इन सरकारी आदेशों के बावजूद, जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) मोहम्मद राशिद ने इस मामले में शिथिलता बरती। उन्होंने न तो अब तक कोई ठोस कार्रवाई सुनिश्चित की और न ही समय सीमा के भीतर शासन को (रिपोर्ट) पेश की। जब यह मामला उत्तर प्रदेश विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासनिक विलंब समिति की बैठक में आया, तो वहां प्रकरण की स्थिति पूरी तरह से स्पष्ट नहीं थी। इससे समिति के सामने असहज स्थिति पैदा हो गई। इसे गंभीर लापरवाही माना गया। अधिकारियों का मानना है कि इतने महत्वपूर्ण मामले में इस तरह की ढिलाई बिल्कुल स्वीकार नहीं की जा सकती।

सूत्रों के अनुसार, मोहम्मद राशिद ने न सिर्फ समय पर जानकारी नहीं दी, बल्कि संतोषजनक जवाब भी नहीं दे पाए। इसे उच्च अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना और सरकारी कार्यों के प्रति उदासीनता माना गया। इसी के चलते पंचायती राज विभाग के निदेशक की संस्तुति पर उनके खिलाफ कार्रवाई की गई।

### एमएसपी पर दलहन-तिलहन खरीद 7 अप्रैल से होगी शुरू - कृषि मंत्री शाही

**लखनऊ।** रबी सीजन 2026-27 में भी किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का लाभ मिलेगा। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने मंगलवार को लोक भवन में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि चना, मसूर, सरसों की खरीद 7 अप्रैल से 30 जून तक की जाएगी। इस दौरान पारदर्शी डिजिटल व्यवस्था, डीबीटी भुगतान और विस्तृत क्रय नेटवर्क के माध्यम से किसानों को सीधे लाभ पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने, फसलों का उचित मूल्य दिलाने और कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। एमएसपी पर दलहन और तिलहन की खरीद की यह रणनीति किसानों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी और उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि प्रदेश में उर्वरक की कोई कमी नहीं है और 75 जनपदों में उर्वरकों की सप्लाई सुचारु रूप से हो रही है। कृषि मंत्री ने बताया कि मूल्य समर्थन योजना किसानों के लिए सुरक्षा कवच के रूप में कार्य करती है। चने का एमएसपी 5875 रुपये प्रति क्विंटल, मसूर का 7000 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों का 6200 रुपये प्रति क्विंटल और अरहर का 8000 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। जिससे किसानों को उनकी उपज

---

**रायगढ़ में उत्कल दिवस एवं वार्षिकोत्सव स्नेह सम्मेलन में शामिल हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय**

# सभी समाजों के सहयोग से ही विकसित छत्तीसगढ़ का सपना होगा साकार - मुख्यमंत्री साय

**रायपुर( समय दर्शन )।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय रायगढ़ के बाबा प्रियदर्शी राम ऑडिटोरियम, पंजरी प्लांट में उत्कल सांस्कृतिक सेवा समिति द्वारा आयोजित 'उत्कल दिवस एवं वार्षिकोत्सव स्नेह सम्मेलन' में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा भगवान जगन्नाथ स्वामी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं 'वंदे उत्कल जननी' के मधुर गायन के साथ हुआ।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को आत्मीयतापूर्वक संबोधित करते हुए कहा कि वे यहां अतिथि के रूप में नहीं, बल्कि अपने परिवार के बीच आए हैं। उन्होंने कहा कि रायगढ़ की जनता ने उन्हें 20 वर्षों तक सांसद के रूप में अपना भरपूर आशीर्वाद दिया है और वही स्नेह एवं अपनापन उन्हें आज भी प्राप्त हो रहा है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने ओडिशा और छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक संबंधों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दोनों राज्यों के बीच 'रोटी-बेटी' का अटूट रिश्ता है। उन्होंने कहा कि जशपुर के कुनकुरी से लेकर छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती क्षेत्रों तक बड़ी संख्या में लोग उड़िया भाषा बोलते हैं। देवभोग-



गरियाबंद क्षेत्र में आज भी महाप्रसाद के रूप में भात मिलता है और छत्तीसगढ़ के कोने-कोने में रथ यात्रा का आयोजन होता है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने समाज की पत्रिका 'सुविधा' का विमोचन किया, जिसमें समाज के रीति-रिवाज, उपलब्धियां एवं संपर्क विवरण संकलित किए गए हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने जगन्नाथ रथ यात्रा के आयोजन हेतु 5 लाख रुपये की राशि प्रदान करने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने संबोधन में राज्य सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के अनुरूप छत्तीसगढ़ में ऐतिहासिक कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 18 लाख प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति दी गई है, जिनमें से 8 लाख आवास रिकॉर्ड समय में पूर्ण किए जा चुके हैं। किसानों से 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की जा रही है तथा लगभग 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है, जिससे प्रदेश खुशहाली की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा श्री रामलला दर्शन योजना प्रारंभ की गई है, जिसके अंतर्गत अब तक लगभग 42 हजार श्रद्धालु अयोध्या पहुंचकर भगवान रामलला के दर्शन कर चुके हैं। इस योजना के माध्यम से आम नागरिकों को सुगम एवं व्यवस्थित रूप से तीर्थ दर्शन का अवसर प्राप्त हो रहा है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना को भी पुनः प्रारंभ किया गया है, जिसके अंतर्गत विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन हेतु श्रद्धालुओं को सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि धर्मांतरण कराने वालों के विरुद्ध कठोर कानून पारित किया गया है, जिसमें कड़ी सजा एवं जुर्माने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि इससे अवैध धर्मांतरण पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित होगा।

## टेक कंपनी ओरेकल ने 30 हजार कर्मचारी निकाले :इनमें 12 हजार भारतीय

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** ओरेकल अमेरिकी टेक कंपनी है, जो दुनियाभर में कंपनियों को डेटा सर्विस देती है।

दुनिया के छठे सबसे अमीर कारोबारी लैरी एलिसन की टेक कंपनी ओरेकल ने करीब 30 हजार कर्मचारियों को निकाल दिया है। इनमें भारत के 12 हजार कर्मचारी हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी अगले महीने छंटनी का दूसरा दौर भी शुरू कर सकती है।

कर्मचारियों को मंगलवार यानी 31 मार्च की सुबह 6 बजे इनबॉक्स में टर्मिनेशन लेटर मिले। इसमें लिखा था कि आज उनका लास्ट वर्किंग डे है। कुछ ही मिनटों में उनका सिस्टम एक्सेस बंद कर दिया गया। कंपनी ने अभी तक छंटनी की वजह नहीं बताई है।

ओरेकल ने 30 हजार कर्मचारियों को मेल में लिखा- हम आपको आपके पद से जुड़ी एक जरूरी और कठिन जानकारी देना चाहते हैं। कंपनी की वर्तमान जरूरतों को ध्यान में रखते हुए हमने संगठन में बड़े बदलाव के तहत आपका पद खत्म करने का फैसला किया है। इसलिए आज आपका आखिरी कार्य दिवस है।

हम आपके योगदान, मेहनत और काम के लिए धन्यवाद देते हैं। टर्मिनेशन से जुड़े दस्तावेज साइन करने के बाद आप सेवरेंस पैकेज (नौकरी खत्म होने पर मिलने वाला भुगतान) पाने के पात्र होंगे, जो कंपनी की शर्तों के अनुसार होगा। इसके बारे में आपको आपके ओरेकल ईमेल पर **DocuSign** के जरिए जानकारी मिलेगी।

आगे की जरूरी जानकारी, ख्क्तऔर दस्तावेज पाने के लिए आपको अपना पर्सनल ईमेल एड्रेस देना होगा। कृपया तुरंत अपना पर्सनल ईमेल सबमिट करें। अगर कोई गलती हो जाए तो नया फॉर्म भर सकते हैं। यह ईमेल केवल सेपरेशन और सेवरेंस से जुड़ी जानकारी के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। जल्द ही आपके कंप्यूटर, ईमेल, वॉइसमेल और फाइल्स का एक्सेस बंद कर दिया जाएगा।

## सांस्कृतिक महानता का शाश्वत प्रतीक है ओडिशा- पीएम मोदी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को ओडिशा दिवस के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी और कहा कि राज्य संस्कृति व आध्यात्मिक महानता के शाश्वत प्रतीक के रूप में गौरवान्वित है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, उत्कल दिवस के विशेष अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं। ओडिशा एक ऐसा राज्य है जो सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महानता के शाश्वत प्रतीक के रूप में गर्व से खड़ा है। ओडिया संगीत, कला और साहित्य ने भारत को अनगिनत तरीकों से समृद्ध किया है। ओडिशा के लोग, जो अपने दृढ़ संकल्प, सादगी और प्रेम के लिए जाने जाते हैं, उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। मुझे आशा है कि आने वाले दिनों में ओडिशा प्रगति की नई ऊंचाइयों को छुएगा।



ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट के माध्यम से राज्य के लोगों को इस शुभ अवसर पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं ।उन्होंने कहा, भाषा के आधार पर गठित होने वाले पहले राज्य के रूप में ओडिशा ने विश्व मंच पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। इस अवसर पर मैं उन महान सपूतों को गहरी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं जिनके बलिदान और दूरदर्शिता ने एक अलग ओडिशा को संभव बनाया ।मुख्यमंत्री ने ओडिया पहचान और संस्कृति की रक्षा के प्रति अपनी सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया ।मांझी ने कहा, हम हर ओडिया के सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अथक प्रयास करते रहेंगे। हमारा एकमात्र लक्ष्य ओडिशा को देश का अग्रणी राज्य बनाना है। आज के इस पवित्र दिन पर, आइए हम सब एक साथ आएं और एक समृद्ध ओडिशा के निर्माण का दृढ़ संकल्प लें ।ओडिशा दिवस या उत्कल दिवस प्रतिवर्ष 1 अप्रैल को मनाया जाता है ताकि भाषाई पहचान के आधार पर 1 अप्रैल 1936 को ओडिशा को एक अलग प्रांत के रूप में गठित किए जाने की याद दिलाई जा सके। यह दिन ओडिशा की समृद्ध संस्कृति, विरासत और अलग राज्य के लिए संघर्ष करने वाले नेताओं को सम्मानित करने का दिन है।

## एलआईसी को 3750 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने के आरोप में सीबीआई ने दर्ज किया मामला

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केंद्रीय जांच ब्यूरो यानी सीबीआई ने बुधवार को रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड, इसके प्रमोटर अनिल अंबानी और कुछ अज्ञात सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ एक नया मामला दर्ज किया है। यह मामला भारतीय जीवन बीमा निगम को कथित तौर पर 3,750 करोड़ रुपये का गलत तरीके से नुकसान पहुंचाने से जुड़ा है। यह जांच ऐसे समय में शुरू हुई है जब अनिल अंबानी पहले से ही कई सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के साथ भारी धोखाधड़ी के मामलों में कानूनी कार्रवाई का सामना कर रहे हैं।

अधिकारियों के बयान के अनुसार, यह नया मामला एलआईसी की ओर से मिली शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया है।

इसमें साजिश, धोखाधड़ी, पैसों की हेराफेरी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत गंभीर आरोप लगाए गए हैं। शिकायत में कहा गया है कि आरकॉम और उसके प्रबंधन ने कंपनी के वित्तीय स्वास्थ्य, सुरक्षा और परिसंपत्ति कवर के बारे में झूठे दावे किए। इन भ्रामक जानकारियों के आधार पर एलआईसी को 4,500 करोड़ रुपये के गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर खरीदने के लिए धोखे से प्रेरित किया गया।

## एसआईआर विवाद : सुप्रीम कोर्ट ने आरोपों को बताया बेबुनियाद

### कहा-7 अप्रैल तक हो जाएगा आपत्तियों का निपटारा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पश्चिम बंगाल में एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिका पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कलकत्ता हाईकोर्ट से मिले पत्र के मुताबिक 7 अप्रैल तक वोटर आईडी से जुड़ी सभी आपत्तियों का निपटारा हो जाएगा। चुनाव आयोग के वकील ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि अपीलीय न्यायाधिकरण के लिए ट्रेनिंग शुरू हो चुकी है। कल से ट्रिब्यूनल में सुनवाई शुरू हो जाएगी। कलकत्ता हाईकोर्ट के पत्र के मुताबिक पश्चिम बंगाल में 19 अपीलीय न्यायाधिकरण



स्थापित किए गए हैं। इन न्यायाधिकरणों की अगुवाई कलकत्ता हाईकोर्ट के रिटायर्ड चीफ जस्टिस कर रहे हैं। अपीलीय न्यायाधिकरण में वो लोग जा सकते हैं, जिन लोगों के नाम दावे और आपत्ति के दौरान कट गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर में रोजाना हो रहे निपटारों की संख्या पर संतुष्टि जताई। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि रोजाना पौने दो लाख से दो लाख तक आपत्तियों पर सुनवाई करके फैसला हो रहा है। हालांकि टीएमसी के वकील ने चुनाव आयोग के अधिकारियों के दखल की आशंका जताई, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने बेबुनियाद मानते हुए नकार दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चुनाव आयोग को ये सुनिश्चित करना चाहिए कि जब अपीलीय न्यायाधिकरण किसी के वोटर लिस्ट में होने या न होने का फैसला ले तो इसके पीछे का कारण भी एक कॉलम में दर्ज किया जाए। न्यायाधिकरण में सुनवाई के बाद जो अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होगी, वो ये तय करेगी कि कोई व्यक्ति अपने वोट डालने के अधिकार का इस्तेमाल कर सकता है या नहीं ।टीएमसी के वकील कल्याण बनर्जी ने बड़े पैमाने पर फॉर्म 6 जमा होने का मुद्दा उठाया। वकील कल्याण बनर्जी ने आरोप लगाया कि एक आदमी 30,000 फॉर्म-6 जमा कर रहा है। उन्होंने कहा कि अभी न्यायिक प्रक्रिया चल रही है लेकिन इसके बीच हजारों की संख्या में नए मतदाताओं को जोड़ने के लिए फॉर्म 6 जमा हो रहे हैं। इस पर चीफ जस्टिस ने नाराजगी जताई और कहा कि इस तरह के संदेह पैदा करने वाले बयान नहीं दिए जाने चाहिए। सीजेआई ने कहा कि हर बार होता है, पहली बार नहीं है। आप आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। वहीं, चुनाव आयोग के वकील ने कहा कि कानून के मुताबिक नामांकन की आखिरी तारीख तक मतदाताओं के नाम जोड़े जा सकते हैं।

---

**वीडियो वायरल करने की धमकी देकर वसूली की कोशिश,कई सचिव दहशत में**

# अश्लील वीडियो के नाम पर ब्लैकमेलिंग! फर्जी अधिकारी बनकर पंचायत सचिवों से ठगी का बड़ा खेल उजागर

**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** जिले में इन दिनों साइबर ठगी का एक नया और खतरनाक तरीका सामने आया है,जहां ठग खुद को पुलिस विभाग का अधिकारी बताकर पंचायत सचिवों को अश्लील वीडियो के नाम पर ब्लैकमेल कर रहे हैं ।फोन कॉल और मैसेज के जरिए डर का माहौल बनाकर उनसे मोटी रकम की मांग की जा रही है,जिससे पंचायत सचिव अमले में हड़कंप मच गया है।




जानकारी के अनुसार,अज्ञात ठग पहले पंचायत सचिवों को फोन करते हैं और खुद को पुलिस विभाग का अधिकारी या जांच एजेंसी का सदस्य बताते हैं। इसके बाद वे दावा करते हैं कि संबंधित सचिव का कोई अश्लील वीडियो लगातार देख रहा है उसे गुगल के माध्यम से निकाला गया है,उस केश को दबाने के एवज अच्छी खाशी रकम की मांग करता है,और रकम नहीं देने की स्थिति में सचिव के फोन को ट्रेस कर उसे गिरफ्तार करने की धमकी देता है ।जिससे डर और बदनामी के भय का फायदा उठाकर ठग पैसे की मांग करते हैं। कई मामलों में व्हाट्सएप पर फर्जी वीडियो या स्क्रीनशॉट भेजकर भी दबाव बनाया जा रहा है ।जिसके चलते कुछ सचिव रकम देने की सोच रहे है तो कुछ सचिव उक्त अज्ञात फोन को अनदेखा कर रहे है।

### सचिवों में डर का माहौल

इस तरह की घटनाओं से कई पंचायत सचिव मानसिक दबाव में हैं। कुछ मामलों में तो सचिवों ने बिना जांच किए ही पैसे ट्रांसफर कर दिए,ताकि उनकी छवि खराब न हो।

### प्रशासन सतर्क

मामले की गंभीरता को देखते हुए अब प्रशासन और साइबर सेल सक्रिय हो गई है ।पुलिस विभाग के कोतवाली प्रभारी ओपी यादव ने लोगो से अपील करते हुए कहा कि यह एक संगठित गिरोह हो सकता है,जो सरकारी कर्मचारियों को निशाना बना रहा है ।इससे भयभीत न हो ये फर्जी होते है,साथ ही किसी भी अनजान कॉल या मैसेज पर भरोसा न करें,डरकर पैसे ट्रांसफर न करें ऐसे कॉल का तुरंत साइबर पुलिस को सूचना दें व्यक्तिगत जानकारी और डेटा सुरक्षित रखें

यह घटना सिर्फठगी नहीं,बल्कि सरकारी कर्मचारियों की छवि और मानसिक स्थिति पर हमला है ।जरूरत है सतर्क रहने की और ऐसे ठगों के खिलाफसख्त कार्रवाई की, ताकि इस तरह के अपराधों पर लगाम लगाई जा सके।

## मुंबई एयरपोर्ट पर इंडिगो फ्लाइट में 'डेंजर' लिखा टिश्यू मिलने से हड़कंप

**मुंबई।** मुंबई एयरपोर्ट पर उस समय हड़कंप मच गया, जब इंडिगो की एक फ्लाइट के टॉयलेट में 'डेंजर' लिखा हुआ टिश्यू पेपर मिला। यह घटना उस समय सामने आई, जब इंडिगो की फ्लाइट संख्या 911 अगली उड़ान के लिए तैयार की जा रही थी। जैसे ही यह जानकारी सामने आई, सुरक्षा एजेंसियां तुरंत अलर्ट हो गईं और पूरे मामले को गंभीरता से लिया गया। एयरपोर्ट स्टाफ ने तुरंत इस संदिग्ध जानकारी की सूचना मुंबई पुलिस के कंट्रोल रूम और नजदीकी पुलिस स्टेशन को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और सुरक्षा के मद्देनजर जरूरी कदम उठाए गए। इसके साथ ही बम निरोधक दस्ते को भी बुलाया गया, जिसने फ्लाइट और आसपास के क्षेत्र की गहन जांच की ।जांच के दौरान विमान के टॉयलेट और अन्य हिस्सों की बारीकी से तलाशी ली गई। लेकिन, किसी भी तरह की संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री बरामद नहीं हुई। जांच पूरी होने के बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

## देश में जल्द महंगा होगा हवाई सफर, पहली बार घरेलू उड़ानों के लिए जेट ईंधन की कीमत 2 लाख के पार



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** देश में हवाई यात्रियों को जल्द ही महंगे किराए का सामना करना पड़ सकता है। दरअसल, जेट फ्यूल (विमानन टरबाइन ईंधन-[illegible]) की कीमतों में पिछले एक महीने में दोगुने से अधिक की बढ़ोतरी हुई है, जिससे एयरलाइंस की लागत में भारी इजाफा हुआ है।

तेल कंपनियों द्वारा जारी अप्रैल माह के नए रेट के अनुसार, घरेलू उड़ानों के लिए जेट ईंधन की कीमतों में करीब 115 प्रतिशत और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए लगभग 107 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रुपये में लगातार गिरावट ने भी एयरलाइंस पर अतिरिक्त दबाव डाला है। नई दरों के बाद दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जेट फ्यूल की कीमत बढ़कर 2,07,341 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई है, जबकि पिछले महीने यह 96,638 रुपये प्रति किलोलीटर थी। यानी इसमें लगभग 114 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

अन्य महानगरों में भी कीमतों में तेज उछाल देखा गया है। मुंबई में जेट फ्यूल की कीमत 90,451 रुपये से बढ़कर 1,94,968 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई है, जो करीब 115 प्रतिशत की वृद्धि है। वहीं, कोलकाता और चेन्नई में भी कीमतें दो लाख रुपये प्रति किलोलीटर के पार पहुंच गई हैं।

अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए जेट फ्यूल की कीमत पहली बार 1000 डॉलर प्रति किलोलीटर के पार चली गई है। दिल्ली में यह कीमत 816 डॉलर से बढ़कर 1690 डॉलर हो गई है। कोलकाता में यह 855 डॉलर से बढ़कर 1727 डॉलर तक पहुंच गई है। इस दौरान रुपये की कीमत भी रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई है, जहां एक डॉलर 95 रुपये से अधिक का हो गया है।

भारत में एयरलाइंस की कुल लागत में जेट फ्यूल का हिस्सा करीब 40 से 45 प्रतिशत तक होता है। ऐसे में कीमतों में यह भारी बढ़ोतरी सीधे तौर पर एयरलाइंस के संचालन खर्च को प्रभावित करेगी।

# सेलूद में 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ, शिव महापुराण कथा का होगा 9 अप्रैल से 14 अप्रैल तक आयोजन



**सेलूद ( समय दर्शन )।** परम वंदनीया माताजी की जन्म शताब्दी समारोह प्रयाज अभियान के अन्तर्गत आयोजित 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ, शिव महापुराण कथा सेलूद (बाजार चौंक) में होगा द्य मंगलमय भगवान आशुतोष महाकाल की कृपा एवं परम पूज्य गुरुदेव वंदनीया माताजी, माँ गायत्री के सूक्ष्म संरक्षण में श्रीमद् शिव महापुराण कथा, 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ आयोजित है द्य कथा व्यासपीठ पर आचार्य महादेव जी रायपुर (बंजारी) वाले विराजित होंगे द्य कार्यक्रम दि. 09 अप्रैल 2026, गुरुवार अप. 3 बजे से कलश यात्रा, संध्या 5 बजे संगीत एवं प्रवचन दि. 10 अप्रैल 2026, शुक्रवार प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक गायत्री महायज्ञ, 12 से 2 बजे तक भोजन विश्राम, दोप. 2 से 5 बजे तक शिव महापुराण कथा । दि. 12 अप्रैल 2026, रविवार प्रातः 9 से 12 बजे तक गायत्री यज्ञ, 2 से 3 बजे महिला सम्मेलन (मार्गदर्शन गायत्री शक्तिपीठ आमालोरी), 3 से 6 बजे शिव महापुराण कथा, 6 से 7 बजे दीप महायज्ञ, दि. 14 अप्रैल 2026, मंगलवार प्रातः 8 से 12 बजे यज्ञ, 12 से 2 बजे शिवमहापुराण कथा, दोपहर 2 बजे टोली बिदाई, आभार समापन, प्रसादी भंडारा. उक्त अवसर पर पुंसवन, विद्यारंभ, दीक्षा, विवाह दिवस, जन्मदिन, यज्ञोपवीत आदि संस्कार यज्ञ में निःशुल्क करायें जायेंगे, जिसका समय पूर्व पंजीयन होगा ।

आज ग्राम सेलूद के कर्मा भवन से श्रीराम टोली के द्वारा प्राभातफेरी का शुरुवात किया गया जो कि अनवरत 14 अप्रैल तक जारी रहेगा द्य उक्त आयोजन को सफ्ल बनाने के लिए गायत्री शक्ति पीठ आमालोरी के प्रमुख ट्रस्टी और पदाधिकारियो के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आहूत किया गया है द्य जिसमे प्रमुख रूप से कौशल आडिल, अशोक सिंह राजपूत, जगन्नाथ देवांगन, महेश वर्मा, भागवत वर्मा, सियाराम चंद्रकार, लीला सिंह, अजय सिंह ठाकुर है।

## खबर-खास

### सिंचाई नहर पार को समतल कर बनाया जा रहा अवैध रास्ता, शासकीय जमीन का उपयोग



**पाटन ( समय दर्शन )।** पाटन क्षेत्र के मोतीपुर गांव में अवैध प्लाटिंग का मामला लगातार बढ़ता जा रहा है। यहां प्लाटिंग करने वालों द्वारा शासकीय जमीन का खुलकर दुरुपयोग किया जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग अब तक मौन बने हुए हैं।

जानकारी के अनुसार, मोतीपुर में खेत को समतल कर अवैध रूप से प्लाटिंग की जा रही है। इस दौरान जमीन पर खंभे भी गाड़ दिए गए हैं, जिससे साफ संकेत मिलता है कि यहां स्थायी निर्माण की तैयारी की जा रही है। सबसे गंभीर बात यह है कि सिंचाई नहर पार को समतल कर उस पर मिट्टी बिछाकर सड़क जैसा रास्ता तैयार किया जा रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह नहर पार को पाटना न केवल अवैध है, बल्कि भविष्य में सिंचाई व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकता है। इसके बावजूद सिंचाई विभाग द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

बताया जा रहा है कि मुख्य मार्ग के किनारे, स्कूल के पीछे अतिक्रमण कर प्लाटिंग का काम तेजी से चल रहा है। इससे क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले में तत्काल जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। अब देखना यह है कि राजस्व विभाग और सिंचाई विभाग कब जागते हैं और इस अवैध गतिविधि पर लगाम लगाते हैं।

### गैस एजेंसी में अस्थायी काउंटर बढ़ाने हेतु एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**सरायपाली ( समय दर्शन )।** गैस किल्लत की फैल रही अफ्वाहों के चलते गैस एजेंसी में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से आने वाले उपभोक्ताओं की बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री एवं संगम सेवा समिति के संस्थापक प्रखर अग्रवाल द्वारा अनुविभागीय अधिकारी, सराईपाली को ज्ञापन सौंपा गया ।ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि अफ्वाहों के कारण अचानक बढ़ी भीड़ को व्यवस्थित करने एवं उपभोक्ताओं को सुगमता प्रदान करने के लिए गैस एजेंसी में 3-4 अतिरिक्त अस्थायी काउंटर प्रारंभ किए जाने के निर्देश दिए जाएं। साथ ही संगम सेवा समिति को प्राप्त शिकायतों एवं उपभोक्ताओं की सुविधा से संबंधित सुझावों का भी विस्तार से उल्लेख किया गया। अग्रवाल ने रजिस्ट्रार से भी भेंट कर आम नागरिकों को हर संभव सहयोग उपलब्ध कराने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने पर बल दिया कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी एवं व्यवस्थित रूप से संचालित हो, जिससे किसी प्रकार की असुविधा या अनियमितता की स्थिति उत्पन्न न हो।

उन्होंने प्रशासन से अपेक्षा व्यक्त की कि वर्तमान स्थिति को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, जिससे व्यवस्था और अधिक सुचारू एवं प्रभावी बनाई जा सके।

### पत्रकारबंधुओं की कलम, सबसे बड़ी ताकत - उद्योग मंत्री

**कोरबा ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ के उद्योग, वाणिज्य, श्रम, सार्वजनिक उपक्रम व आबकारी मंत्री लखनलाल देवांगन ने आज कहा कि पत्रकारबंधु एक ऐसा दर्पण होते हैं, जो समाज को सच का आईना दिखाने का कार्य करते हैं। उन्होने कहा कि निष्पक्षता एवं पारदर्शिता पत्रकारिता का मूलमंत्र है, समाचार पत्रों में जो छपता है, मीडिया में जो दिखता है, आमजन मानस उसे ही सच मानकर चलता है, अतः यह आवश्यक है कि समाचारों में निष्पक्षता, पारदर्शिता व निर्भीकता होनी ही चाहिये। उन्होने कहा कि प्रेस क्लब कोरबा एक ऊर्जावान संस्था है, जो पत्रकारिता व पत्रकारबंधुओं के हितों की रक्षा के लिये निरंतर कार्य कर रही है। उक्त बातें आज उद्योग मंत्री देवांगन ने कोरबा के तिलक भवन स्थित प्रेस क्लब में आयोजित भूमिपूजन लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान कही। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 35 खरमोरा डाईट बिल्डिंग तिलक नगर पत्रकार कालोनी के समीप एन.टी.पी.सी. के सीएसआर मद से 15 लाख रूपये की लागत से बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य कराया जाना हैं, जिसका वर्चुअल भूमिपूजन आज उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता में तिलक भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उनके हाथों किया गया। इसी प्रकार वार्ड क्र. 24 तिलक भवन प्रेस क्लब में पार्षद पंकज देवांगन के पार्षद मद से एलईडी प्रोजेक्टर, स्मार्ट टी.व्ही., साउण्ड सिस्टम व स्क्रीन स्थापना आदि का कार्य कराया गया है, जिसका लोकार्पण भी आज उद्योग मंत्री देवांगन के करकमलों से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर उद्योग मंत्री देवांगन ने दिये गये अपने उद्बोधन में आगे कहा कि मुझे प्रसन्नता है।

## स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी तेज गति विधायक मोहले



### जिले को मिली 07 नवीन 108 संजीवनी एक्सप्रेस एम्बुलेंस

**मुंगेली( समय दर्शन )।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप शहरी क्षेत्रों में 15 मिनट एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 30 मिनट के भीतर एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले को 07 नवीन 108 संजीवनी एक्सप्रेस एम्बुलेंस प्राप्त हुई है। इन एम्बुलेंस को जिला कलेक्टोरेट परिसर से विधायक पुन्नूलाल माहले ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि इन एम्बुलेंस से सभी जरूरतमंद मरीजों को समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी। शासन की मंशा है कि आपातकालीन स्थिति में मरीज को त्वरित स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो सके। 07 नवीन 108 संजीवनी एक्सप्रेस एम्बुलेंस मिलने से जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को तेज गति मिलेगी। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि 02 एम्बुलेंस जिला चिकित्सालय, 01 सेतगंगा, 02 वाहन लोरमी क्षेत्र, 01 पथरिया और 01 एम्बुलेंस सरगॉव में रहेगा। इस दौरान अपर कलेक्टर जी.एल. यादव, मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज, जनपद पंचायत अध्यक्ष रामकमल सिंह परिहार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्रीमती शीला साहा, जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, शैलेष पाठक सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## जिला मुख्यालय से सरकारी संस्थाओं का पलायन! कृषि महाविद्यालय शिफ्ट करने पर उपज रहा जनाक्रोश

### सत्ता-विपक्ष एकजुट,आम जनता भी सड़क पर उतरने को तैयार

### मुख्यालय को कमजोर करने की साजिश

**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** जिला मुख्यालय से एक के बाद एक बड़े सरकारी संस्थानों को बाहर भेजे जाने की खबर ने पूरे इलाके में भूचाल ला दिया है ।खासकर कृषि महाविद्यालय को मुख्यालय से बाहर शिफ्ट करने के फैसले ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों से लेकर आम नागरिकों तक में जबरदस्त आक्रोश पैदा कर दिया है ।हालात ऐसे हैं कि अब यह मुद्दा राजनीतिक रंग से ऊपर उठकर जनआंदोलन का रूप लेने की ओर बढ़ रहा है ।वही यदि कृषि महाविद्यालय को राजिम या फिंगेश्वर क्षेत्र में ले जाया जाता है तो देवभोग मैनपुर क्षेत्र के लोगों को दूरी तो वही पड़ेगा जिसके चलते उस क्षेत्र के लोग सीधे रायपुर में ही रहना पसंद करेंगे ।जिला मुख्यालय, जो वर्षों से प्रशासनिक,शैक्षणिक और आर्थिक गतिविधियों का केंद्र रहा है,अब धीरे-धीरे अपने ही महत्व को खोता नजर आ रहा है ।हाल ही में कृषि महाविद्यालय को मुख्यालय से बाहर स्थानांतरित करने की प्रक्रिया शुरू होने की जानकारी सामने आई है,जिसके बाद क्षेत्र में विरोध की लहर तेज हो गई है।

सिर्फ कृषि महाविद्यालय ही नहीं,बल्कि अन्य कई महत्वपूर्ण सरकारी संस्थानों को भी मुख्यालय से बाहर भेजे जाने की चर्चाओं ने लोगों की चिंता और बढ़ा दी है ।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इससे न सिर्फशहर की पहचान कमजोर होगी,बल्कि रोजगार,व्यापार और सुविधाओं पर भी सीधा असर पड़ेगा ।इस मुद्दे की खास बात यह है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के जनप्रतिनिधि इस फैसले के खिलाफ एकजुट नजर आ रहे हैं ।जनप्रतिनिधियों का कहना है कि मुख्यालय से संस्थानों को हटाना क्षेत्र के विकास के साथ अन्याय है।

एक जनप्रतिनिधि ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि यह फैसला समझ से परे है। मुख्यालय को मजबूत करने के बजाय उसे कमजोर किया जा रहा है,जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### जनता का फूटा गुस्सा

आम नागरिकों में भी भारी नाराजगी देखी जा रही है ।व्यापारियों,छात्रों और युवाओं का कहना है कि संस्थानों के बाहर जाने से उन्हें रोजमर्रा की सुविधाओं के लिए दूर जाना पड़ेगा,जिससे समय और पैसा दोनों का नुकसान होगा ।कई सामाजिक संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द इस निर्णय को वापस नहीं लिया गया, तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

### मुख्यालय को खाली करने की साजिश?

स्थानीय लोगों ने इस पूरे घटनाक्रम को मुख्यालय को धीरे-धीरे खाली करने की साजिश करार दिया है ।उनका आरोप है कि बिना जनभावना और जरूरतों को समझे ऐसे फैसले लिए जा रहे हैं।

मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। जनप्रतिनिधियों द्वारा ज्ञापन सौंपने और विरोध प्रदर्शन की तैयारी की जा रही है। यदि प्रशासन ने जल्द कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया,तो आने वाले दिनों में यह मुद्दा बड़े आंदोलन में बदल सकता है ।जिला मुख्यालय की पहचान और अस्तित्व पर उठते सवाल अब सिर्फ चर्चा नहीं,बल्कि संघर्ष का रूप ले चुके हैं। आने वाले दिनों में यह मुद्दा प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती साबित हो सकता है।

## कलेक्टर के आदेश की उड़ रही धज्जियां : प्रतिबंध के बावजूद धड़ल्ले से हो रहा बोर खनन

### भू जल के गिरते जलस्तर को देखते 1 अप्रैल से लगाया गया है प्रतिबंध, लेकिन रात-दिन जारी अवैध खनन



**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** जिले मे कलेक्टर के आदेश को बोर डीलर गभीरता से लेते नहीं दिख रहे । कलेक्टर के फ्रमान कि अनदेखी करते हुए बीती रात एक तारीख को ही शहर मे रात 12 बजे से बोर डीलर द्वारा बोर खनन करते देखा गया। रात मे अधिकारियों कि आँखो से तो बच गया पर कैमरे मे कैद हो गया।

उल्लेखनीय है कि जिले में गिरते भूजल स्तर को देखते हुए प्रशासन ने 1 अप्रैल से 30 जून तक बोर खनन पर सख्त प्रतिबंध लगाया था, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट नजर आ रही है। कलेक्टर के स्पष्ट निर्देशों की खुलेआम अवहेलना करते हुए जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में दिन-रात बोर खनन का अवैध खेल जारी है, जिससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

जल संकट को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन द्वारा 1 अप्रैल से बोर खनन पर रोक लगाई गई थी, ताकि लगातार गिरते जलस्तर को बचाया जा सके। लेकिन इस आदेश का असर जमीन पर दिखाई नहीं दे रहा है।

सूत्रों के मुताबिक,शहर और ग्रामीण इलाकों में खुलेआम मशीनों से बोर खनन किया जा रहा है। रात के अंधेरे में तो यह अवैध कार्य और भी तेजी से हो रहा है,जिससे साफ जाहिर होता है कि जिम्मेदार अधिकारियों की निगरानी या तो कमजोर है या फ्रि जानबूझकर अनदेखी की जा रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार बोर खनन से जलस्तर तेजी से नीचे जा रहा है,जिससे आने वाले दिनों में पेयजल संकट और गहराने की आशंका है ।इसके बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं होना चिंता का विषय है ।इन सब समस्याओं पर आम नागरिकों में इस मुद्दे को लेकर नाराजगी बढ़ती जा रही है ।लोगों का कहना है कि एक ओर प्रशासन जल संरक्षण के लिए अभियान चला रहा है,वहीं दूसरी ओर अवैध बोर खनन को रोकपाने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहा है।

वही लोगो ने प्रशासन पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि क्या कलेक्टर के आदेश सिर्फकागजों तक सीमित हैं ?आखिर किसके संरक्षण में चल रहा है अवैध बोर खनन ?क्या जल संकट का इंतजार कर रहा है प्रशासन ? यदि समय रहते इस अवैध बोर खनन पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई,तो आने वाले समय में जिले को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले में कितनी सख्ती दिखाता है या फ्रि यह खेल यूं ही चलता रहेगा।

### रंग और तूलिका की समन्वय से स्नेहा ने चित्रकला में जीता प्रथम स्थान

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच,अमृत धारा द्वारा ( वाटर हार्वेस्टिंग) पर चित्रकला का प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें प्रांत के लगभग 22 बच्चों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया और अपनी-अपनी प्रतिभा को चित्रकला में अंकुरित कर जल संवर्धन और संरक्षण को दर्शाया ।नियम व शर्तो के साथ ये प्रतियोगिता ऑन लाइन मंगवाया गया था। जिसका प्रथम चरण आज जांजगीर-चांपा जिले के अकलतरा में आयोजित कर अतिथियों द्वारा विजेताओं को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया।

इस चित्रकला प्रतियोगिता में कोरबा निवासी सरिता सुनील बंसल की सुपुत्री स्नेहा बंसल ने प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रौशन किया है। स्नेहा वर्तमान में न्यू एरा प्रोग्रेसिव स्कूल में कक्षा ग्यारहवीं में अध्ययनरत हैं ।इनकी इस कामयाबी के लिए इनके चाहने वालों ने बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उज्वल भविष्य की कमाना की है। इसी प्रकार अदिति अग्रवाल सरसीवा ने द्वितीय और शिवानी अग्रवाल बसना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। अतिथियों द्वारा इन बच्चों को पुरस्कृत करते हुए कहा इस तरह से आयोजन से बच्चों में उत्साह का संचार होता है। उनमें कल्पना शक्ति बढ़ती है। उनकी भावनाएं कागज पर उतरती हैं।

## डिजायर कार से 200 किलो गांजा के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार




**महासमुंद( समय दर्शन )।** महासमुन्द में नशा के खिलाफचलाए जा रहे अभियान के तहत कार में छिपाकर ले जाए जा रहे 200 किलो गांजा के साथ कोमाखान थाना क्षेत्र में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुष्ट सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ओडिशा से उत्तर प्रदेश ले जाया जा रहा था गांजा,जिसे एनएच-353 टेमरी नाका के पास नाकाबंदी कर पुलिस ने पकड़ा।

पुलिस को सूचना मिली थी कि ओडिशा की ओर से एक सफेद रंग की डिजायर कार में अवैध मादक पदार्थ गांजा ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने एनएच-353 स्थित टेमरी नाका पर नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोका। तलाशी लेने पर कार की पिछली सीट और डिक्की में रखी 8 सफेद प्लास्टिक बोरियों में गांजा बरामद हुआ।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि गांजा मलकानगिरी (ओडिशा) से लाकर उत्तर प्रदेश ले जाया जा रहा था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 200 किलो (2 क्विंटल) गांजा, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 1 करोड़ रुपये है, जब्त किया। इसके अलावा तस्करी में प्रयुक्त सफेद रंग की डिजायर कार (क्रमांक छ्व॥ 01 स्न्न् 4071) जिसकी कीमत करीब 8 लाख रुपये है, तथा दो मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं। जब्त संपत्ति की कुल अनुमानित कीमत 1 करोड़ 8 लाख 20 हजार रुपये बताई गई है।

पुलिस ने इस मामले में एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी) के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार जिले में नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## काली माई वार्ड में श्रमिक पंजीयन शिविर का हुआ आयोजन



### 27 से अधिक श्रमिकों का किया गया पंजीयन

**मुंगेली( समय दर्शन )।** कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में नगर पालिका परिषद मुंगेली अंतर्गत वार्ड क्रमांक 14 स्थित काली माई गेट के समीप श्रमिकों के पंजीयन हेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों, मजदूरों एवं कामगारों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना रहा। शिविर में दस्तावेजों का सत्यापन कर त्वरित रूप से श्रमिकों के पंजीयन की प्रक्रिया पूर्ण की गई। शिविर के दौरान 15 निर्माण श्रमिक, 07 संगठित एवं 15 असंगठित कर्मकारों के श्रम कार्ड बनाए गए, जिससे उन्हें विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलने का मार्ग प्रशस्त हुआ।

इस दौरान मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) श्री होरी सिंह ठाकुर ने शिविर में व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए हितग्राहियों से सीधे संवाद किया और योजनाओं की जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि असंगठित कर्मकार मंडल में पंजीयन कराने से श्रमिकों को आर्थिक सहायता, मातृत्व लाभ, शिक्षा सहायता, स्वास्थ्य सुविधाएं एवं अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ मिलता है। उन्होंने सभी पात्र श्रमिकों से पंजीयन कराने की अपील की।

## बसना में आज हनुमान जन्मोत्सव एवं भव्य शोभायात्रा



**बसना ( समय दर्शन )।** बसना क्षेत्र में हनुमान जयंती का पावन पर्व इस वर्ष भी पूरे श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों, चौक-चौराहों एवं धार्मिक स्थलों पर विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन एवं विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। श्री सिद्ध संकट मोचन हनुमान मंदिर कन्या शाला परिसर बसना मे विगत अनेक वर्षों से प्रत्येक मंगलवार की संध्या 7बजे महाआरती,भजन संध्या के साथ भण्डारे का आयोजन होता है। जिसमें हजारों श्रद्धालु एवं भक्तजन प्रसाद ग्रहण करते हैं।

बसना में श्री सिद्ध संकट मोचन हनुमान मंदिर, कन्या शाला परिसर में विगत 26वर्षों से हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर की पूर्व संध्या पर प्रतिवर्षानुसार बीते दिन मंदिर परिसर मे भजन, सत्संग, सुन्दर काण्ड पाठ सह यज्ञअनुष्ठान सम्पन्न हुआ ।आज प्रातः 6बजे संगीतमय महाआरती व हनुमान चालीसा, प्रातः 8बजे सवा मणि भोग, मध्यान्ह 12बजे छप्पन भोग अर्पित करने के साथ विशाल भोग भण्डारा का आयोजन होना है ।जिसमें बसना क्षेत्र केआस-पास के हजारों श्रद्धालु एवं भक्तजन प्रसाद ग्रहण कर कृतार्थ होते हैं।

यहां हनुमान जन्मोत्सव के भण्डारे को सुव्यवस्थित संचालित करने आनुषांगिक संगठन के सैकड़ों स्वयं सेवक, मातृशक्ति अपना योगदान देते हैं। नगर सहित ग्रामीण सनातनी बंधुओं ,श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिरों में दर्शन हेतु उमड़ती है। यहां विधायक, सांसद सहित,श्री राम जानकी मंदिर समिति के सदस्य,राष्ट्रीय बजरंग दल, बजरंग दल, विहिप के स्वयं सेवक श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा-अर्चना कर श्री हनुमान जी से सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना करते हैं।

भण्डारा पश्चात संध्या 5बजे नगर व क्षेत्र के आनुषांगिक संगठन के स्वयं सेवक व बजरंगी विभिन्न प्रकार के वेशभूषा में सज-धजकर धर्म प्रेमी वरिष्ठ जनों एवं राष्ट्रीय बजरंग दल की अगुवाई में सिद्ध संकट मोचन हनुमान मंदिर से गाजे बाजे, आतिशबाजी करते पारंपरिक लोक नृत्य, गगनभेदी जयघोष के साथ नगर के मुख्य मार्गों से होकर दशहरा मैदान पहुंचेगी।

जहां हनुमान जन्मोत्सव की शुभकामना संदेश, आभार प्रदर्शन के बाद रात्रि भण्डारा के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रांत मंत्री महेंद्र साव एवं उनके टीम ने आव्हान किया है कि,इस धार्मिक व पावन कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए समाज के उत्थान में योगदान दें। जिससे धर्म के प्रति जागरूकता और सामाजिक समरसता बनाए रखने मे विशेष बल मिले।

सभी सनातनी बंधु,युवा साथी व मातृशक्ति हनुमान जन्मोत्सव के सम्पूर्ण कार्यक्रम में सादर आमंत्रित हैं। उन्होंने कहा है कि,बसना नगर के इस भगवामय शोभायात्रा में हनुमान जी का ध्वज हाथ में लेकर गगनभेदी जयघोष के साथ अगुवाई करने सादर पधारें।

शोभायात्रा के आकर्षण श्री राम दरबार की दिव्य झांकी,धुमाल, दुलदुली,पंथी नृत्य,करमा नृत्य,सुआ नृत्य, भागवत दल होगे।

# सूखा नशा और सिंथेटिक ड्रग्स के अंतर्राज्यीय नेटवर्क के विरूद्ध रायपुर पुलिस की बड़ी कार्यवाही

**रायपुर** मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि एण्टी क्राईम एण्ड साइबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि रेपिडो राईडरों के माध्यम से शहर में एमडीएमए ड्रग्स सूनसान स्थानों पर रखकर विडियो लोकेशन शेयरिंग के माध्यम से ग्राहकों तक पहुंचाया जा रहा है। उक्त सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस उपायुक्त (क्राइम एण्ड साइबर) श्री स्मृतिक राजनाला एवं पुलिस उपायुक्त (सेंट्रल जोन) श्री उमेश प्रसाद गुप्ता द्वारा अधीनस्थ अधिकारियों एवं प्रभारियों को सूचना व आरोपियों की तस्दीक कर एमडीएमए ड्रग्स सहित गिरफ्तार करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साइबर यूनिट की एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा स्थानीय इनपुट पर आसूचना संकलन एवं तकनीकी विश्लेषण सहित एमडीएमए ड्रग्स के लेन-देन हेतु विभिन्न बैंक खातों को खंगालने के पश्चात् कुछ रैपिडो राईडरों को चिन्हांकित करने में सफलता मिली। टीम के सदस्यों द्वारा उन पर लगातार निगाह रखते हुये उनकी गतिविधियों पर नजर रखीं जा रहीं थी। इसी क्रम में दिनांक 29.03.26 को प्राप्त आसूचना के आधार पर एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट एवं थाना तेलीबांधा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा तेलीबांधा क्षेत्र के काशीराम नगर पास 03 रैपिडो राईडर को एमडीएमए ड्रग्स के साथ पकड़ा गया, जिन्होंने पूछताछ में अपना नाम सौरभ डोंगरे, शुभम राठौर एवं सौरभ यादव होना बताया। पूछताछ में तीनों के द्वारा काशीराम नगर के श्रद्धा आश्रम पास एमडी ड्रग्स को कुणाल मंगतानी द्वारा उसके दिये गये लोकेशन पर डिलीवरी करने हेतु देना बताया गया।



टीम के सदस्यों द्वारा कुणाल मंगतानी की पतासाजी कर उसे भी पकड़ा गया।

सभी चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी कुणाल मंगतानी द्वारा बताया गया कि इस ड्रग्स सिंडिकेट का मास्टर माईंड दिल्ली निवासी महेश खड़का तथा कुसुम हिन्दुजा है, जो पूर्व में भी वर्ष 2024 में थाना खम्हारडीह से ड्रग्स के प्रकरण में जेल निरूद्ध रह चुके है। दोनों वर्तमान में दिल्ली में रहकर ड्रग्स सिंडिकेट का संचालन कर रहे है। इनके द्वारा ग्राहकों को व्हाट्सएप के माध्यम से मैसेज कर ड्रग्स डिलीवरी करते थे, जिसके लिये दोनों दिल्ली से कोरियर के माध्यम से ड्रग्स को रायपुर कुणाल मंगतानी के पते पर भिजवाते थे और कुणाल मंगतानी रैपिडो राईडर के माध्यम से सूनसान स्थान पर एमडी ड्रग्स रखकर विडियों एवं लोकेशन महेश खड़का एवं कुसुम हिन्दुजा को भेज देता था। एमडीएमए ड्रग्स के पैसे की लेन-देन हेतु इनके द्वारा विभिन्न बैंक खातों का उपयोग किया जाता था। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना तेलीबांधा की संयुक्त टीम को दिल्ली रवाना किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा दिल्ली पहुंचकर आरोपी महेश खड़का एवं महिला आरोपी कुसुम हिन्दुजा की पतासाजी करते हुये दोनों को दिल्ली के पंचशील विहार में लोकेट कर पूछताछ कर इस प्रकरण में नोटिस देकर रायपुर आने हेतु तलब किया गया। जहां पर प्रकरण में इनकी भूमिंका सिद्ध होने पर दोनों को विधिवत गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में दोनों मास्टर माईंड द्वारा नाईजीरियन नागरिकों से ड्रग्स क्रय करना बताया गया है।

## मंत्री श्री नेताम ने बलरामपुर जिले के लिए वर्चुअल रूप से 9 नई एम्बुलेंस को दिखाई हरी झंडी



**रायपुर।** राज्य सरकार प्रदेश में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल की गई। इसी कड़ी में बलरामपुर जिला अस्पताल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में आदिम जाति विकास मंत्री श्री रामविचार नेताम ने जिले को 9 नई एम्बुलेंस को वर्चुअल माध्यम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इनमें 08 बेसिक लाइफ सपोर्ट और 01 एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस शामिल हैं। इस सौगात के साथ ही जिले में 108 एम्बुलेंस की समस्त सेवाएं अब जिले के सभी विकासखंडों और दूरस्थ ग्रामीण वनांचलों तक त्वरित आपातकालीन चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराएगी।

मंत्री श्री रामविचार नेताम ने आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य शासन प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि ये एम्बुलेंस केवल वाहन नहीं, बल्कि संकट की घड़ी में जीवन बचाने वाली महत्वपूर्ण कड़ी है। मंत्री श्री नेताम ने बताया कि शासन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाली माताओं, बहनों और बच्चों को आपातकालीन स्थिति में समय पर उपचार मिल सके। मरीजों को "गोल्डन ऑवर" में चिकित्सा सहायता मिलना जीवन रक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है और यह पहल इसी दिशा में एक बड़ा कदम है।

बलरामपुर जिले के कलेक्टर श्री राजेंद्र कटारा ने बताया कि आपातकालीन सेवाओं को दुरुस्त रखने के लिए एम्बुलेंस संचालन एजेंसी के साथ बेहतर समन्वय स्थापित किया जाएगा। इससे सेवाओं की गुणवत्ता और प्रतिक्रिया समय में निरंतर सुधार होगा, जिससे जरूरतमंदों को त्वरित सहायता मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में नागरिकों को समय पर एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस दिशा में सतत प्रयास किए जाएंगे।

जिले को मिली 9 नई एम्बुलेंस को विभिन्न विकासखंडों और स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यकतानुसार तैनात किया गया है, ताकि पूरे जिले को कवर किया जा सके। नई व्यवस्था के तहत जिला चिकित्सालय बलरामपुर को 2 और वाड्रफनगर को 2 एम्बुलेंस आवंटित की गई हैं। राजपुर, शंकरगढ़, कुसमी, रामानुजगंज और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सनावल में एक-एक एम्बुलेंस उपलब्ध कराई गई है। इस नई व्यवस्था से अब जिले के सुदूर ग्रामीण अंचलों में किसी भी स्वास्थ्य आपातकाल के समय मरीजों को त्वरित सहायता मिल सकेगी।

## हर घर नल-जल से बिराजपाली के ग्रामीणों को कठिनाईयों से मिली निजात

**रायपुर।** महासमुंद जिले के विकासखंड पिथौरा अंतर्गत ग्राम बिराजपाली में आज हर घर जल की उपलब्धता ग्रामीणजनों के जीवन में खुशियां लेकर आई है। ग्रामीणजन बताते है कि जहां कभी ग्रामीणों को पेयजल के लिए हैंडपंप या दूरस्थ जल स्त्रोतों पर निर्भर रहना पड़ता था, वहीं अब हर घर जल योजना अंतर्गत हर घर तक नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित हो चुकी है। ग्राम बिराजपाली में 21 फरवरी 2026 को हर घर जल का सफल प्रमाणीकरण किया गया।




योजना के अंतर्गत ग्राम के कुल 182 घरों को नल कनेक्शन प्रदान किया गया है, जिससे प्रत्येक परिवार को घर पर ही स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो रहा है। जल आपूर्ति के सुचारू संचालन एवं रखरखाव के लिए ग्राम जल समिति का गठन किया गया है, जो प्रत्येक परिवार से 60 रुपये प्रतिमाह जलकर के रूप में संग्रह कर योजना की स्थिरता एवं निरंतरता सुनिश्चित कर रही है। ग्राम में जलापूर्ति के लिए 94.27 लाख रुपये की लागत से 40 किलोलीटर क्षमता की ओवरहेड टंकी का निर्माण किया गया है। इसके साथ ही लगभग 2270 मीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई गई है, जिसके माध्यम से सभी घरों तक पानी पहुंचाया जा रहा है। इसके अलावा ग्राम में 13 हैंडपंप एवं 3 पावर पंप भी उपलब्ध हैं, जो जल स्त्रोतों को सुदृढ़ बनाते हैं। इस उपलब्धि में ग्राम के सरपंच श्री एतराम साहू एवं सचिव श्रीमती पुष्पलता चौहान की भूमिका रही। उनके नेतृत्व, सतत प्रयासों तथा ग्रामवासियों के सहयोग से यह कार्य समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जा सका। इस योजना से लाभान्वित हितग्राही श्याम बाई बताती हैं कि अब उन्हें पानी के लिए दूर नहीं जाना पड़ता, जिससे समय और श्रम दोनों की बचत हो रही है।

## मसाला क्षेत्र विस्तार योजना: मसाले की खेती ओर बढ़ रहा किसानों का रूझान

**रायपुर।** राज्य सरकार के किसान हितैषी नीतियों एवं किसानों की आय में वृद्धि करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार उद्यानिकी फसलों के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए सब्सिडी के साथ-साथ प्रशिक्षण एवं तकनीकी सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। इसी क्रम में महासमुंद जिले के विकासखंड पिथौरा अंतर्गत ग्राम कसहीबाहरा के प्रगतिशील किसान श्री निरंजन पटेल ने अपनी मेहनत और नवाचार से खेती में अच्छी सफलता प्राप्त की है। श्री निरंजन पटेल बताते हैं कि वे पहले पारंपरिक रूप से धान की खेती करते थे, जिसमें उन्हें अधिक लागत और अपेक्षाकृत कम उत्पादन जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता था।



वर्ष 2025-26 में उन्होंने उद्यानिकी विभाग के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय बागवानी मिशन अंतर्गत मसाला क्षेत्र विस्तार योजना के तहत धनिया की खेती अपनाई। उन्होंने अपनी 0.40 हेक्टेयर पूरी सिंचित भूमि में उन्नत किस्मों कस्तूरी धनिया एवं अंकुर धनिया का उत्पादन प्रारंभ किया। आधुनिक तकनीक के रूप में उन्होंने ड्रिप सिंचाई प्रणाली का उपयोग किया, जिससे जल की बचत के साथ-साथ फसल की गुणवत्ता और उत्पादन में भी वृद्धि हुई। उद्यानिकी विभाग द्वारा उन्हें 0.40 हेक्टेयर के लिए 8000 का अनुदान डीबीटी के माध्यम से प्रदान किया गया, जिससे उन्हें प्रारंभिक लागत में राहत मिली। पूर्व में जहां वे धान की खेती से प्रति एकड़ लगभग 21 क्विंटल उत्पादन प्राप्त करते थे और लगभग 30,000 की सीमित आय होती थी, वहीं धनिया की खेती अपनाने के बाद उन्होंने लगभग 35 क्विंटल प्रति एकड़ उत्पादन प्राप्त किया। धनिया की खेती से उनकी कुल आय बढ़कर लगभग 50,000 प्रति एकड़ हो गई। श्री पटेल अपनी उपज का विक्रय पिथौरा एवं बागबाहरा मंडियों में करते हैं। वर्तमान में वे अपने कार्य से अत्यंत संतुष्ट हैं। उनकी इस सफलता को देखकर आसपास के अन्य किसान भी उद्यानिकी फसलों की ओर आकर्षित हो रहे हैं और धनिया जैसी नगदी फसलों को अपनाने में रुचि दिखा रहे हैं।

सतर्कता, समन्वय और सुरक्षा का संगम

# रेलवे स्टेशन में रायपुर कमिश्नरेट डीसीपी सेंट्रल जोन टीम का आरपीएफजीआरपी के साथ संयुक्त मॉक ड्रिल

### विभिन्न आकस्मिक परिस्थितियों के लिए किया गया मॉक ड्रिल

**रायपुर** दिनांक को सायं 06:00 बजे रेलवे स्टेशन रायपुर में संभावित आपात स्थिति से निपटने हेतु एक व्यापक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। ड्रिल की शुरुआत कंट्रोल रूम को प्राप्त एक गोपनीय सूचना से हुई, जिसमें एक संदिग्ध व्यक्ति द्वारा बैग में संदिग्ध सामग्री रखकर स्टेशन परिसर में मौजूद होने की जानकारी दी गई थी। सूचना प्राप्त होते ही तत्काल कंट्रोल रूम द्वारा आरपीएफ कंट्रोल रूम को सूचित किया गया तथा फायर ब्रिगेड एवं एम्बुलेंस को अलर्ट पर रखा गया। साथ ही एसीपी कोतवाली श्री दीपक मिश्रा एवं असिस्टेंट कमांडेंट आरपीएफ श्री वी.सी. लांजीवाल को सूचना देकर मौके पर बुलाया गया। एडिशनल डीसीपी (मध्य जोन) श्री तारकेश्वर पटेल के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन के बाहर आरपीएफ थाना के समीप कमांड पोस्ट स्थापित कर समूचे ऑपरेशन का संचालन किया गया। पूर्व निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार स्टेशन के सभी प्लेटफॉर्म्स की सघन जांच हेतु अलग-अलग टीमों का गठन किया गया तथा चारों प्रमुख एंट्री एवं एग्जिट प्वाइंट्स को नियंत्रित कर वहां सशस्त्र बलों की तैनाती सुनिश्चित की गई। बम डिस्पोजल स्क्वॉड के साथ विशेष टीमों को संदिग्ध वस्तु की खोज एवं निष्प्रभावीकरण हेतु रवाना किया गया। सभी टीमों ने समन्वित एवं चरणबद्ध तरीके से पूरे स्टेशन परिसर में तलाशी अभियान चलाया, जिससे किसी भी संभावित खतरे से प्रभावी ढंग से निपटने की क्षमता का परीक्षण किया जा सके। इस दौरान RPF से निरीक्षक दिलीप बस्तिया, उप निरीक्षक ए.जेड. चौधरी, थाना प्रभारी गंज निरीक्षक दीपक पासवान, थाना प्रभारी आरपीएफ थाना प्रभारी जीआरपी सहित अन्य पुलिस अधिकारी, कर्मचारी एवं आरपीएफ-जीआरपी के जवान उपस्थित रहे। मॉक ड्रिल के माध्यम से विभिन्न एजेंसियों के मध्य समन्वय, त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली एवं आपातकालीन परिस्थितियों में प्रभावी कार्रवाई की तैयारियों का सफल परीक्षण किया गया, जिससे भविष्य में किसी भी वास्तविक स्थिति से निपटने हेतु सुरक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ एवं सक्षम सिद्ध होगी।



## संक्षिप्त समाचार

### डॉलर लहर ने गर्मियों के जरूरी पहनावे में पेश किया एक 'अकल्पनीय' ट्विस्ट

**कोलकाता:** डॉलर लहर इस गर्मी के मौसम में एक नये अभियान के साथ उत्साह बढ़ा रहा है, जो हास्य, कल्पना और एक अप्रत्याशित 'साइ-फाई' मोड़ का अनूठा मिश्रण है। जैसे ही इनरवियर श्रेणी अपने सबसे व्यस्त सीजन में प्रवेश कर रही है, ब्रांड एक हाईवे ढाबे की पृष्ठभूमि पर आधारित एक दिलचस्प कहानी लेकर आया है- जहाँ एक साधारण रात असाधारण मोड़ लेती है। इस अभियान के माध्यम से डॉलर लहर खुद को एक भरोसेमंद 'डेली एसेंशियल' (रोज़मर्रा की ज़रूरत) के रूप में मजबूती से स्थापित करता है, जिसे एक मनोरंजक और यादगार कहानी के जरिए पेश किया गया है। ब्रांड अभियान और इसके ब्रांड एंबेसडर के बारे में डॉलर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, विनोद कुमार गुप्ता ने कहा, ÷सैफ अली खान के साथ हमारे जुड़ाव ने ब्रांड को एक नई ऊंचाई दी है। उनकी हाजिरजवाबी और साख पुरुष दर्शकों के बीच बहुत लोकप्रिय है और यही जुड़ाव हमारे व्यापार की बढ़त में तब्दील हुआ है। इस साझेदारी की सबसे खास बात यह है कि उनका व्यक्तित्व हमारे ब्रांड की सोच के साथ पूरी तरह मेल खाता है, इसलिए इस साथ को आगे बढ़ाना हमारे लिए एक बहुत ही स्वाभाविक कदम था।

### स्मार्ट कूलिंग, स्मार्ट गर्मियाँ, कूल बचत: सैमसंग के बीस्पोक एआई एसी करते हैं यह काम

**नईदिल्ली।** भारतीय गर्मियों के लिए सबसे अच्छा एसी चुनते समय, मुख्य बातों में तेज कूलिंग, एनर्जी की बचत, अचानक बढ़ती गर्मी के हिसाब से ढलना और स्मार्ट कंट्रोल शामिल हैं। सैमसंग की बीस्पोक एआई रेंज इन रूरतों को पूरा करने के लिए ही बनाई गई है। यह एआई का इस्तेमाल कर कमरे के हालात और इस्तेमाल के तरीकों के आधार पर कूलिंग को एडजस्ट करती है, जिससे एनर्जी बचाते हुए आपको सबसे ज़्यादा आराम मिलता है। सैमसंग के बीस्पोक एआई एसी में एआई ऑटो कूलिंग, एआई एनर्जी मोड और डिजिटल इन्वर्टर टेक्नोलॉजी शामिल हैं, जो असरदार और हालात के हिसाब से बदलने वाली कूलिंग देते हैं। इस्तेमाल के तरीकों और बाहर के हालात का विश्लेषण करके, ये एसी अपनी परफॉर्मेंस को बेहतर बनाते हैं और साथ ही एनर्जी की खपत को भी कम करते हैं, जिससे ये भारत की कभी भी बदलने वाली गर्मियों के मौसम के लिए एकदम सही हैं।

### जेके मैक्स पेंट्स ने अक्षय कुमार को बनाया ब्रांड एंबेसडर; होम डेकोरेटिव पेंट इंडस्ट्री में भरोसे को किया और मजबूत

**नई दिल्ली।** जेके मैक्स पेंट्स ने बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने की घोषणा की है। यह रणनीतिक साझेदारी ब्रांड की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, क्योंकि कंपनी भारत के तेजी से बढ़ते डेकोरेटिव पेंट्स बाजार में अपनी उपस्थिति का विस्तार कर रही है। अक्षय कुमार की विश्वसनीयता, भरोसा और निर्भरता जैसे गुण जेके मैक्स पेंट्स के ब्रांड मूल्यों के साथ पूरी तरह मेल खाते हैं। भारतीय दर्शकों और घर के मालिकों के बीच अपनी जबरदस्त लोकप्रियता के लिए मशहूर अक्षय कुमार, ब्रांड में प्रामाणिकता और एक सहज जुड़ाव लेकर आते हैं। प्रदर्शन और भरोसे के एक विश्वसनीय चेहरे को साथ जोड़कर, जेके मैक्स पेंट्स का लक्ष्य उपभोक्ताओं के बीच अपनी पहचान को और भी मजबूत बनाना है।

होम ब्यूटीफिकेशन क्षेत्र में चार दशकों से अधिक की अपनी शानदार विरासत और जेके वॉलमैक्स वॉल पुट्टी की बाजार में अग्रणी पकड़ के आधार पर, जेके मैक्स पेंट्स का लक्ष्य देशभर के उपभोक्ताओं के बीच होम डेकोरेटिव सॉल्यूशंस के लिए पहली पसंद बनना है। अक्षय कुमार का स्वागत करते हुए व्हाइट सीमेंट एवं पेंट्स के बिज़नेस हेड, नितिश चोपड़ा ने कहा, यह साझेदारी जेके मैक्स पेंट्स को एक मजबूत और भविष्य के लिए तैयार ब्रांड के रूप में स्थापित करने की हमारी यात्रा का अहम पड़ाव है। जैसे-जैसे हम नए बाजारों में विस्तार कर रहे हैं।

हमारा पूरा ध्यान ग्राहकों का भरोसा जीतने और उन्हें बेहतरीन परफॉर्मेंस वाले उत्पाद देने पर है। अक्षय कुमार की विश्वसनीयता और उनकी जबरदस्त लोकप्रियता हमारी ब्रांड स्टोरी को और भी प्रभावशाली बनाएगी।

### चेतक स्क्रीन अवार्ड्स 2026 का 5 अप्रैल को होगा सीधा प्रसारण: ब्रांड पार्टनर्स की घोषणा के साथ दर्शकों के साथ जुड़ाव का नया दौर शुरू

**मुंबई:** इंतज़ार की घड़ियाँ खत्म! भारतीय सिनेमा के शानदार जश्न के लिए मंच सज चुका है। 5 अप्रैल को होगा 'चेतक स्क्रीन अवार्ड्स 2026' का होगा सीधा प्रसारण। सबसे बेहतरीन फिल्मों का जादू और सितारों का ग्लैमर देश-दुनिया के दर्शक सीधे अपनी स्क्रीन्स पर देख सकेंगे।

पहली बार दर्शकों को मिलेगा अवार्ड शो के हर रोमांचक पल का अनुभव सीधे उनकी स्क्रीन्स पर, ठीक उसी वक्त पर जब वो घटित हो रहा हो। यह भव्य समारोह 5 अप्रैल, रात 8 बजे से YouTube, Sony Entertainment Television और Sony LIV पर लाइव स्ट्रीम किया जाएगा। दुनिया भर में बढ़ती डिजिटल मांग और फिल्म प्रेमियों की पसंद को देखते हुए इसे हर स्क्रीन पर उपलब्ध कराया जा रहा है। भारतीय सिनेमा के एक सबसे सम्मानित और बहुप्रतीक्षित समारोह, 'चेतक स्क्रीन अवार्ड्स 2026' ने आज अपने शानदार ब्रांड पार्टनर्स के नाम घोषित किए। अपनी विरासत और भरोसे के लिए विख्यात यह ब्रांड पार्टनर्स कई पीढ़ियों से दर्शकों के दिल और संस्कृति से गहराई से जुड़े हुए हैं। दशकों से, स्क्रीन अवार्ड्स ने भारतीय फिल्म उद्योग में एक विशिष्ट और सम्मानित स्थान बनाए रखा है। संपादकीय ईमानदारी, कठोर मूल्यांकन और सिनेमाई उत्कृष्टता के प्रति अटूट सम्मान उनकी पहचान है। द इंडियन एक्सप्रेस ग्रुप की सशक्त संपादकीय विरासत और स्वतंत्र, गैर-लाभकारी स्क्रीन एकेडमी के मार्गदर्शन में, ये पुरस्कार मनोरंजन के बदलते दौर में भी विश्वसनीयता का एक मानक बने हुए हैं। इस साल के ब्रांड पार्टनर्स भी उसी अटूट संकल्प और बदलते समय के साथ खुद को ढालने की हमारी परंपरा का प्रतिबिंब हैं। इस यात्रा का सूत्रधार है 'चेतक', बजाज ऑटो का स्कूटर ब्रांड, जो दशकों से हर घर का विश्वास जीत रहा है और आज देश के अग्रणी इलेक्ट्रिक 2-व्हीलर के रूप में नए भारत की इलेक्ट्रिक क्रांति का नेतृत्व कर रहा है।

# संपादकीय

## निर्वाचन आयोग के सामने चुनौती

पश्चिम बंगाल में जिन अर्जियों पर अगले 18 दिन में फैसला नहीं हो पाएगा, उनसे संबंधित मतदाताओं के अधिकार की उपेक्षा करते हुए चुनाव कराना किस लिहाज से उचित माना जाएगा? एक भी नागरिक के मताधिकार का हनन अवांछित है। पश्चिम बंगाल में 60 लाख व्यक्तियों के मताधिकार पर अंतिम निर्णय हुए बिना निर्वाचन आयोग ने राज्य विधानसभा के चुनाव कार्यक्रम का एलान कर दिया है। ये वो लोग हैं, मतदाता सूची में जिनके नाम पर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान विवाद खड़ा हुआ। उनसे संबंधित अर्जियां विचाराधीन हैं, जिन्हें निपटाने के लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर न्यायिक अधिकारियों की सहायता ली जा रही है। लेकिन ये काम इतना पेचीदा है कि इस बारे में फैसले की रफ्तार धीमी बनी हुई है। इस बीच घोषित कार्यक्रम के मुताबिक छह अप्रैल को परचा भरने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। मुद्दा है कि जिन अर्जियों पर अगले 18 दिन में फैसला नहीं हो पाएगा, उनसे संबंधित मतदाताओं के अधिकार की उपेक्षा करते हुए चुनाव कराना किस लिहाज से उचित माना जाएगा? कहा जाता है कि लोकतंत्र में प्रत्येक मत महत्त्वपूर्ण है। वोट हर नागरिक का मूलभूत अधिकार है। एक भी नागरिक के इस अधिकार का हनन लोकतंत्र की मूलभूत भावना पर प्रहार होगा। ऐसा हुआ, तो उसके लिए सीधे तौर पर निर्वाचन आयोग को दोषी माना जाएगा, जिसने जल्दबाजी में एसआईआर कराने का फैसला किया। साथ ही ये प्रक्रिया निर्विवाद ढंग से हो तथा संदेह से परे रहे, इसका इंतजाम करने में वह विफल रहा। रविवार को आयोग ने पश्चिम बंगाल के अलावा असम, तमिलनाडु, केरल और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित किए। इनमें अच्छी बात तो यह है कि इस बार टुकड़ों- टुकड़ों में मतदान कराने की परिपाटी छोड़ दी गई है। पश्चिम बंगाल में दो चरणों में और बाकी राज्यों में एक चरण में मतदान होगा। मगर असम, केरल और पुडुचेरी में नौ अप्रैल को मतदान के बाद मतगणना के लिए 25 दिन के इंतजार की अवांछित स्थिति बनेगी। हाल में ऐसी परिस्थितियों से संदेह का माहौल बनता रहा है। अत: बेहतर होता कि हर राज्य में मतदान और मतगणना में न्यूनतम संभव अंतर रखा जाता। बहरहाल, अब आयोग के सामने चुनौती चुनाव प्रक्रिया को तमाम संदेहों और सवालों से परे रखने की है। ऐसा वह सभी पक्षों के प्रति समान नजरिये का परिचय देकर कर सकता है।

## 2013 का बदला 2026 में लिया

**हरिशंकर व्यास**

नीतीश कुमार को ज्यादा समय तक मुख्यमंत्री नहीं रहने देना है इसका फैसला नवंबर 2025 के विधानसभा चुनाव से पहले ही बन गई थी। सबको साफ दिख रहा था कि नीतीश कुमार भूलने की बीमारी से ग्रस्त हो गए हैं। इसका फायदा उठा कर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने उनके आसपास के नेताओं को अपने साथ मिलाना शुरू किया। इसके लिए साम, दाम, दंड और भेद की नीति अपनाई गई। जिसे अंग्रेजी में स्टिक एंड कैरेट की नीति कहते हैं। नेताओं को डरा कर और लालच देकर साथ मिलाया गया। उनको इस बात के लिए तैयार किया गया कि वे नीतीश कुमार को भाजपा के बराबर सीट लेकर लड़ने के लिए राजी करें। उनको इस बात के लिए भी तैयार किया गया कि नीतीश को मुख्यमंत्री पद का दावेदार घोषित करके चुनाव नहीं लड़ा जाएगा। नीतीश की मानसिक अवस्था ऐसी नहीं थी कि वे इन चीजों का प्रतिरोध कर सकें और उनके आसपास के ऐसे लोग, जो उनके प्रति ईमानदार थे, उनकी हैसियत ज्यादा बड़ी नहीं थी। और पार्टी के बड़ी हैसियत वाले नेताओं को डरा कर या लालच देकर भाजपा ने अपने साथ कर लिया था। सो, 2025 के विधानसभा चुनाव में भाजपा और जनता दल यू दोनों बराबर सीटों पर लड़े। जदयू के एक सौ सीटों पर लड़ने से ही साफ हो गया कि इस बार उसका प्रदर्शन भाजपा से कमतर होगा। ध्यान रहे हर चुनाव में भाजपा के मुकाबले जदयू का स्ट्राइक रेट कम होता है और ऐसा इसलिए होता है क्योंकि भाजपा के कोर वोटर का पूरा वोट जदयू को ट्रांसफर नहीं होता है। सो, पहले तो जदयू को एक सौ सीटें दी गईं। उसके बाद तीन सहयोगी पार्टियों को 43 सीटें दे दी गईं। ये वो सहयोगी हैं, जो पहले भी भाजपा के साथ मिल कर नीतीश के खिलाफ चुनाव लड़ चुके हैं। सो, भाजपा ने 143 सीटें अपने लिए और अपनी नजदीकी सहयोगियों के लिए रखीं, जबकि नीतीश की पार्टी एक सौ सीटों पर लड़ी। चुनाव नतीजों में भी भाजपा और अन्य सहयोगियों को 117 सीटें मिलीं, जो बहुमत से सिर्फ पांच कम हैं। यानी आज अगर भाजपा चाहे तो नीतीश की पार्टी को छोड़ कर भी सरकार बना सकती है। सो, चुनाव से पहले भाजपा ने जिस योजना का ताना बाना बुना था उस पर अब अमल हो गया है। विधानसभा की गणित से ज्यादा नीतीश की मानसिक अवस्था और उनके करीबी लोगों के विश्वासघात से ही भाजपा इस योजना पर अमल कर पाई। इसमें चार महीने की देरी हुई है तो वह भी बिहार की जनता और नीतीश कुमार की पुरानी पुण्यता के कारण हुए। भाजपा को अनुमान नहीं था कि ऐसा छप्परफाड़ बहुमत आएगा। उनको लग रहा था कि भाजपा बहुत अच्छा करेगी और नीतीश 50 सीटों के आसपास रह जाएंगे। अगर ऐसा होता तो 14 नवंबर को नतीजे के बाद ही भाजपा का सीएम शपथ लेता। लेकिन पूरा चुनाव नीतीश के चेहरे पर हो गया और नतीजा यह हुआ कि भाजपा को 89 सीटें मिलीं तो जदयू को 85 सीटें मिल गईं। तभी नतीजों के बाद जब मोदी और शाह की ओर से जदयू के नेताओं से कहा गया कि भाजपा का सीएम बनाया जाए तो उनके सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया। उन्होंने किसी तरह से दोनों को समझाया कि अभी अगर नीतीश को नहीं बनाया गया तो बगावत हो जाएगी। उनकी पार्टी के नेता भड़क जाएंगे। तभी चार महीने इंतजार किया गया। नीतीश की मानसिक अवस्था इस बीच और बिगड़ती गई। जब भाजपा को लगा कि अब नीतीश किसी भी योजना का प्रतिरोध करने में सक्षम नहीं हैं तो उसने जदयू के उन नेताओं को काम पर लगाया, जो उसके लिए काम कर रहे थे। उन्होंने नीतीश को पार्टी और राज्य का भला बुरा समझा कर तैयार करा लिया कि वे मुख्यमंत्री पद छोड़ें और राज्यसभा चले जाएं। इस तरह 2013 का बदला नीतीश से 2026 में ले लिया गया।

# अपने भीतर के हनुमान को जगाने का पर्व

### हनुमान जयंती (2 अप्रैल 2026) विशेष

**ललित गर्ग**



हनुमान जयंती केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि मानव जीवन के चरित्र-निर्माण, आत्मबल, संयम, सेवा और समर्पण की प्रेरणा देने वाला महान दिवस है। यह दिन हमें मंदिरों में दीप जलाने से अधिक अपने भीतर के अंधकार को दूर करने का संदेश देता है। हनुमान केवल शक्ति के प्रतीक नहीं हैं, वे शक्ति के सदुपयोग, ज्ञान की विनम्रता, भक्ति की पराकाष्ठा और सेवा की परंपरा के प्रतीक हैं। इसलिए हनुमान जयंती मनाने का वास्तविक अर्थ है-अपने भीतर के हनुमान को जगाना। हनुमान जी को मंगलकर्ता और विघ्नहर्ता कहा गया है। लेकिन वे विघ्न केवल बाहरी नहीं हटाते, वे मनुष्य के भीतर के विघ्न-अहंकार, भय, आलस्य, क्रोध, लोभ, मोह, इन सबका भी नाश करते हैं। आज का मनुष्य बाहरी समस्याओं से कम और आंतरिक कमजोरियों से अधिक परेशान है। इसलिए आज हनुमान की प्रासंगिकता पहले से कहीं अधिक है।

हनुमान शक्ति के प्रतीक हैं, लेकिन उनकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि उन्होंने कभी अपनी शक्ति का प्रदर्शन नहीं किया। उन्होंने अपनी शक्ति को सेवा में लगाया। आज का युग शक्ति प्रदर्शन का युग बन गया है-धन का प्रदर्शन, पद का प्रदर्शन, ज्ञान का प्रदर्शन, शक्ति का प्रदर्शन। लेकिन हनुमान हमें सिखाते हैं कि शक्ति और ज्ञान का प्रदर्शन नहीं, उसका संरक्षण और सदुपयोग ही महानता है। सर्वशक्तिमान होकर भी उन्होंने स्वयं को राम का दास कहा। इससे बड़ी विनम्रता और क्या हो सकती है? हनुमान हमें यह भी सिखाते हैं कि शक्ति और ज्ञान का अहंकार नहीं होना चाहिए। ज्ञान यदि विनम्रता नहीं देता, तो वह अज्ञान है। शक्ति यदि सेवा में नहीं लगती, तो वह विनाश का कारण बनती है। इसलिए हनुमान शक्ति और ज्ञान के साथ-साथ विनम्रता और सेवा के भी प्रतीक हैं।

हनुमान को ज्ञानियों में अग्रगण्य कहा गया है- ज्ञानिनामग्रगण्यम। वे केवल बलवान नहीं थे, वे महान विद्वान, व्याकरणाचार्य, तर्कशास्त्री, संगीतज्ञ और नीतिज्ञ भी थे। लेकिन इतनी विद्या होने पर भी उनमें अहंकार नहीं था। वे सरलता, सादगी और सेवा के प्रतीक बने रहे। आज शिक्षा बढ़ रही है, लेकिन विनम्रता घट रही है। डिग्रियाँ बढ़ रही हैं, लेकिन चरित्र घट रहा है। ऐसे समय में हनुमान का चरित्र हमें ज्ञान के साथ विनम्रता का संतुलन सिखाता है। हनुमानजी को हिन्दू देवताओं में सबसे शक्तिशाली माना गया है, वे रामायण जैसे महाग्रंथ के सह पात्र थे। वे भगवान शिव के ग्यारवें रूद्र अवतार थे जो श्रीराम की सेवा करने और उनका साथ देने त्रेता युग में अवतरित हुए थे। उनको बजरंग बलि, मारुतिनंदन, पवनपुत्र, केशरीनंदन आदि अनेकों नामों से पुकारा जाता है। उनका एक नाम वायुपुत्र भी है, उन्हें वातात्मज भी कहा गया है अर्थात् वायु से उत्पन्न होने वाला। इन्हें सात चिरंजीवियो में से एक माना जाता है। वे सभी कलाओं में सिद्धहस्त एवं माहिर थे। वीरो में वीर, बुद्धिजीवियों में सबसे विद्वान। इन्होंने अपने पराक्रम और विद्या से अनेकों कार्य चुटकीभर समय में पूर्ण कर दिए है। वे शौर्य, साहस और नेतृत्व के भी प्रतीक हैं। समर्पण एवं भक्ति उनका सर्वाधिक लोकप्रिय गुण है। रामभक्त हनुमान बल, बुद्धि और विद्या के सागर तो थे ही, अष्ट सिद्धि और नौ निधियों के दाता और ज्योतिष के भी प्रकांड विद्वान थे।

हनुमान के जीवन में तीन महान तत्व दिखाई देते हैं-ज्ञान, भक्ति और कर्म। ज्ञान उन्हें दिशा देता है, भक्ति उन्हें प्रेरणा देती है और कर्म उन्हें महान बनाता है। यदि किसी व्यक्ति के जीवन में ज्ञान है पर कर्म नहीं, तो वह अधूरा है। यदि कर्म है पर भक्ति नहीं, तो उसमें संवेदना नहीं होगी। यदि भक्ति है पर ज्ञान नहीं, तो वह अंधविश्वास बन सकती है। इन तीनों का समन्वय यदि किसी चरित्र में दिखाई देता है, तो वह हनुमान का चरित्र है। हनुमान का जीवन संयम का जीवन था। वे बलशाली थे, पर ब्रह्मचारी थे। वे विद्वान थे, पर विनम्र थे। वे वीर थे, पर शांत थे। वे शक्तिशाली थे, पर सेवक थे। यह संतुलन ही उन्हें महान बनाता है। आज मनुष्य के पास साधन हैं, पर संयम नहीं। ज्ञान है, पर दिशा नहीं। शक्ति है, पर सेवा नहीं। इसलिए समाज में अशांति बढ़ रही है। हनुमान का जीवन हमें संयम और संतुलन का संदेश देता है।

हनुमान के बाल स्वरूप की कथा भी अत्यंत प्रेरणादायक है। बालक हनुमान ने सूर्य को फल समझकर पकड़ने का प्रयास किया। यह केवल एक पौराणिक कथा नहीं, बल्कि एक महान संदेश है। यह बालकों की असीम जिज्ञासा, उत्साह और ऊर्जा का प्रतीक है। यह कथा समाज को संदेश देती है कि बच्चों की जिज्ञासा को दबाया नहीं जाना चाहिए, उसे सही दिशा देनी चाहिए। यदि बालकों को सही मार्गदर्शन मिले, तो उनमें से हर बालक हनुमान बन सकता है-ऊर्जावान, जिज्ञासु, साहसी और रचनात्मक। आज के माता-पिता और समाज की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है कि वे बच्चों में हनुमान जैसे गुण विकसित करें-साहस, जिज्ञासा, अनुशासन, सेवा, विनम्रता और भक्ति। यदि बचपन में ही यह संस्कार मिल जाएं, तो समाज का भविष्य उज्ज्वल हो सकता है। हनुमान भक्ति का वास्तविक अर्थ भी समझना जरूरी है। हनुमान भक्ति केवल चालीसा पढ़ना नहीं है, बल्कि हनुमान के गुणों को जीवन में उतारना है।

हनुमान भक्ति का अर्थ है- अहंकार छोड़ना, सेवा करना, सत्य का साथ देना, संयम रखना, कर्तव्य निभाना और अपने जीवन को किसी महान उद्देश्य से जोड़ना। जब तक भक्ति केवल मंदिर तक सीमित रहेगी, तब तक भगवान अलग रहेंगे और भक्त अलग रहेगा। जब भक्ति जीवन बन जाती है, तब भगवान और भक्त अलग नहीं रहते। हनुमान की भक्ति प्रदर्शन नहीं, आत्मपरिवर्तन की प्रक्रिया है। यह भक्ति व्यक्ति को भीतर से बदल देती है-अहंकार की जगह विनम्रता, क्रोध की जगह क्षमा, भय की जगह साहस और निराशा की जगह आशा भर देती है। आज समाज में सबसे बड़ी समस्या शक्ति की नहीं, चरित्र की है; ज्ञान की नहीं, दिशा की है; साधनों की नहीं, संयम की है। इसलिए आज समाज को हनुमान की जरूरत है-मंदिरों में नहीं, जीवन में; मूर्तियों में नहीं, व्यक्तित्व में। हर व्यक्ति के भीतर एक हनुमान सोया हुआ है- किसी में साहस का हनुमान, किसी में सेवा का हनुमान, किसी में ज्ञान का हनुमान, किसी में भक्ति का हनुमान। जरूरत केवल उसे जगाने की है।

अपने भीतर के हनुमान को जगाने का अर्थ है- अपने भीतर के भय को हराना, अपने भीतर के अहंकार को मिटाना, अपने भीतर की शक्ति को सेवा में लगाना, अपने ज्ञान को समाज के काम में लगाना, अपने जीवन को किसी महान उद्देश्य से जोड़ना। यदि हनुमान जयंती पर हम केवल पूजा करें और जीवन न बदलें, तो यह पर्व अधूरा है। यदि हम अपने जीवन में साहस, सेवा, संयम, विनम्रता और भक्ति का एक भी गुण उतार लें, तो हनुमान जयंती सार्थक हो जाएगी। आज आवश्यकता मंदिरों में हनुमान खोजने की नहीं, अपने भीतर हनुमान जगाने की है। जब व्यक्ति के भीतर हनुमान जागेगा, तब उसका भय समाप्त होगा। जब समाज के भीतर हनुमान जागेगा, तब अन्याय समाप्त होगा। जब राष्ट्र के भीतर हनुमान जागेगा, तब कमजोरी समाप्त होगी।

हनुमान जयंती हमें यही संदेश देती है कि महानता शक्ति में नहीं, शक्ति के सदुपयोग में है; ज्ञान में नहीं, ज्ञान की विनम्रता में है; भक्ति में नहीं, भक्ति के समर्पण में है। इस हनुमान जयंती पर हमें संकल्प लेना चाहिए- हम शक्ति का प्रदर्शन नहीं, संरक्षण करेंगे। हम ज्ञान का अहंकार नहीं, विनम्रता रखेंगे। हम भक्ति का प्रदर्शन नहीं, जीवन में समर्पण लाएंगे। हम अपने भीतर के हनुमान को जगाएंगे। यदि हर व्यक्ति अपने भीतर के हनुमान को जगा ले, तो परिवार सुधर जाएगा, समाज सुधर जाएगा, राष्ट्र सुधर जाएगा और मानवता का भविष्य उज्ज्वल हो जाएगा। यही हनुमान जयंती का वास्तविक संदेश है- अपने भीतर के हनुमान को जगाइए, जीवन को शक्ति, ज्ञान, भक्ति और सेवा का संगम बनाइए।

# ईरान बनाम अमेरिका: ट्रंप का नया पैंतरा, अराघाची व गालिबफ को अभयदान

**डॉ. सुधीर सक्सेना**

इस्रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के उकसावे पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी खब्त में आकर मध्यपूर्व में जंग के शिकंजे में अपने पाँव बुरी तरह फँसा लिये हैं। संप्रति अमेरिका की हालत निगलत-उगलत पीर घनेरी मार्का हो गयी है। 28 मार्च को युद्ध छिड़े पूरा एक माह बीत गया, लेकिन उसका एक भी इरादा पूरा होना तो दूर रहा, उलटे उसकी भद्द पिटने का दौर जारी है। साँप-छछूंदर गति के वशीभूत लगातार रंग बदलते ट्रंप ने ईरान के दो शीर्ष नेताओं-विदेश मंत्री अराघाची और स्पीकर गालिबफ को अभयदान देने का ऐलान किया है। उनका कहना है कि ये दोनों नेता अब इस्रायल की हिटलिस्ट में नहीं है और इस्रायल खामेनेई और लारीजानी की भांति उन्हें मारने के लिये एयर स्ट्राइक नहीं करेगा। मजेदार बात यह है कि उन्होंने यह कदम अमेरिका और ईरान के मध्य मध्यस्थता कर रहे आतंकवादी राष्ट्र पाकिस्तान के फौजी शासक असीम मुनीर की गुजारिश पर उठाया है। मुनीर का तर्क है कि यदि उक्त दोनों शीर्ष ईरानी नेता जीवित नहीं रहे, तो अमेरिका वार्ता किससे करेगा? गौरलतब अयातुल्लाह खामेनेई के उत्तराधिकारी मोज्तबा खामेनेई को आहत अवस्था में तेहरान से निकालने में रूस सफल रहा है और उनका इन दिनों मस्क्वा में उपचार हो रहा है। अमेरिका के लिए परेशानी का एक और सबब यह भी है कि वह ईरान में इस्लामी हुकूमत को अपदस्थ कर अपनी कठपुतली सरकार बिठाने में विफल रहा है। उलटे इस्लामी हुकूमत के पीछे अवाम के एकजुट होने से उसके पाये और मजबूत हुये हैं। यह भी साफ हो गया है कि आर्यमेहर रजा शाह पहलवी के बेटे को निर्वासन से वापसी और राज्याभिषेक में ईरानी अवाम की कोई रूचि नहीं है।

अराघाची और गालिबफ को अभयदान को राष्ट्रपति ट्रंप के नये पैंतरे के तौर पर देखा जा रहा है। इसके जरिये वह अपनी जंगजू इमेज को सदाशयी मोड में लाना चाहते हैं तथा बरसों से पाबंदियों और जंग-दर-जंग झेल रहे ईरान में अपेक्षाकृत लिबरल लॉबी खड़ी करना चाहते हैं। पिछले एक माह में उनके नुकसानों की फेहरिश्त लंबी है। उन्हें उम्मीद थी कि ईरान-प्रसंग एक हफ्ते में निपट जायेगा। लेकिन यह उनकी खामख्याली साबित हुई। ईरान ने खूब मोर्चा लड़ाया। उसने प्रत्यक्रमण कर कतर, दुबई, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, ओमान में तो कहर बरपाया ही, सुदूर डियागोगार्सिया तक मिसाइलें दाग कर इस्रायल-अमेरिका धुरीको चौंका दिया। ईरान की कार्रवाई से एक तो उक्त देशों का अमेरिका के सुरक्षा कवच पर भरोसा टूटा। दूसरे, इस्रायल के आयरन डोम का मिथ भी खंडित हो गया। एक और बड़ी बात यह हुई कि अमेरिका-पोषित नाटो में दरारें पड़ गयीं और इटली-स्पेन जैसे राष्ट्रों ने सहयोग के नाम पर हाथ खड़े कर दिये। नतीजतन खीझ में आकर ट्रंप ने नाटो-राष्ट्रों को कायर की संज्ञा दे डाली। ट्रंप को एक और निजी मलाल यह है क गालिबफ ने उनके दामाद किश्नर और विटकोफ से वार्ता से इंकार कर दिया और जेडी वांस से बातचीत की इच्छा व्यक्त की।

घड़ी की सुइयां तेजी से घूम रही हैं। दुनिया अभूतपूर्व ऊर्जा और ईंधन संकट की ओर बढ़ रही है। होर्मुज जलडमरूमध्य ईरान के कब्जे और निगरानी में है। ईरान वहां फौरी कार्रवाई कर वैश्विक संचार प्रणाली को तहस-नहस कर सकता है। खर्ग द्वीप पर अमेरिकी कार्रवाई यकीनन जबर्दस्त जवाबी कार्रवाई को न्यौता देगी। अगर्चे अमेरिका ने वहां मैरीनार और जमीनी टुकड़ियां भेजीं तो जंग बेमियादी दौर में पहुंच जायेगी और अमेरिका को वियेतनाम और अफगानिस्तान जैसी विषम और प्रतिकूल परिस्थितियों से दो-चार होना पड़ेगा। सुलह के लिये अनाक्रमण संधि और हर्जाने पर अड़े ईरान ने यदि छंकाने के लिये हमस हिजबुल्लाह और हूती जैसे संगठनों को छू कर दिया तो इस्रायल के लिये मोर्चा संभालना मुश्किल होगा। इस्रायल के रक्षा मंत्री यूं भी सेना में मानव संसाधनों की कमी का रोना रोते देखे गये हैं।

# नक्सलवाद की समाप्ति की घोषणा के बाद भी बहुत कुछ करना होगा

**अशोक मधुप**

काफी पहले केंद्र सरकार ने घोषणा की थी कि मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद समाप्त हो जाएगा। मार्च 2026 की अवधि से एक दिन पहले ही गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में बड़ी घोषणा की। नक्सलवाद पर चर्चा के दौरान गृह मंत्री ने कहा कि देश में नक्सलवाद अब लगभग समाप्त हो चुका है। आदिवासी इलाकों में असली न्याय पहुंचा है। उन्होंने कहा कि यह बदलाव अचानक नहीं आया, बल्कि 2014 के बाद केंद्र सरकार की सख्त नीति, सुरक्षा अभियान और विकास योजनाओं के कारण संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार नकसल प्रभावित क्षेत्र में तेजी से विकास करा रही है। शिक्षा के लिए स्कूल और उपचार के लिए वहां अस्पताल खुल रहे हैं। अमित शाह ने कहा कि नक्सलवाद की जड़ें खत्म हो रही हैं और आदिवासियों की आवाज अब संसद तक पहुंची है। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसने समस्या को बढ़ने दिया। मोदी सरकार के फैसलों से हालात बदले हैं। उन्होंने कहा कि नक्सल विचारधारा आदिवासियों को गुमराह करती है और अब देश नक्सलवाद मुक्त बनने की ओर बढ़ रहा है।

उन्होंने साफ कहा कि सरकार ने नक्सलियों से बातचीत नहीं, बल्कि उन्हें खत्म कर विकास को आगे बढ़ाने का रास्ता चुना। उन्होंने कहा कि जो हथियार उठाएगा, उसे कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने दावा किया कि नक्सलियों का पूरा केंद्रीय नेतृत्व, पोलित ब्यूरो और कमेटी अब खत्म हो चुकी है। काफी मारे गए, बहुतों ने सरेंडर किया। कुछ अभी फरार हैं।

शाह ने कहा कि देश अब नक्सलमुक्त होने की स्थिति में पहुंच चुका है। उन्होंने बताया कि कई बड़े ऑपरेशन जैसे बुढ़ा, थंडरस्टॉर्म और ब्लैक फॉरेस्ट चलाए गए। इनमें भारी मात्रा में हथियार, आईईडी फैक्ट्री और अनाज बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़, तेलंगाना और ओडिशा के बड़े इलाके अब नक्सल प्रभाव से बाहर आ चुके हैं। सुरक्षा बलों और स्थानीय पुलिस की भूमिका को उन्होंने अहम बताया।

केंद्रीय गृहमंत्री ने बताया कि आजादी के समय देश संसाधनों की कमी और विकास की चुनौतियों से जूझ रहा था। कई दूर-दराज के इलाकों तक सरकार की पहुंच नहीं थी, सड़कों और सुविधाओं का अभाव था। ऐसे हालात में कुछ संगठनों ने इन कमजोरियों का फायदा उठाया। जहां राज्य की पकड़ कम थी, उन्हीं इलाकों को रेड कॉरिडोर बनाया गया। भोले-भाले आदिवासियों को भेदभाव और शोषण के नाम पर भड़काया गया और उनके हाथों में हथियार थमा दिए गए। हकीकत यह है कि इन क्षेत्रों में योजनाबद्ध भेदभाव नहीं, बल्कि विकास की कमी थी, जिसका इस्तेमाल कर हिंसा को बढ़ावा दिया गया।

शाह ने बताया कि केंद्र सरकार ने ऑल एजेंसी अप्रोच अपनाई। इसमें सीएपीएफ, राज्य पुलिस और खुफिया एजेंसियों के बीच तालमेल बढ़ाया गया। फंडिंग और स्पोर्ट सिस्टम पर प्रहार किया गया। सरेंडर नीति लागू की गई। इसमें आत्मसमर्पण करने वालों को आर्थिक मदद और पुनर्वास दिया गया। उन्होंने कहा कि सरकार ने हर गांव तक अपनी पहुंच बनाई, इससे नक्सलवाद कमजोर हुआ।

उन्होंने दावा किया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर विकास हुआ। हजारों किलोमीटर सड़कें बनीं, मोबाइल टावर लगाए गए, बैंक, एटीएम और डाकघर खोले गए। शिक्षा के लिए एकलव्य स्कूल, आईटीआई और कौशल केंद्र बनाए गए। उन्होंने कहा कि विकास ही नक्सलवाद खत्म करने का सबसे बड़ा कारण बना।

शाह ने कहा कि नक्सलवाद गरीबी से नहीं, बल्कि विचारधारा से पैदा हुआ। उन्होंने कहा कि यह विचारधारा लोकतंत्र में विश्वास नहीं करती और बंदूक के जरिए सत्ता चाहती है। उन्होंने यह भी कहा कि आदिवासियों को बरगलाकर उनके हाथ में हथियार दिए गए और विकास को रोका गया।

गृह मंत्री ने कहा कि सरकार आगे भी सख्ती और विकास दोनों पर काम जारी रखेगी। उन्होंने आदिवासी समाज को भरोसा दिलाया कि उनकी सुरक्षा और विकास सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अब देश बंदूक से नहीं, संविधान से चलेगा और यही असली जीत है। गृह मंत्री के अनुसार, जिस रेड कॉरिडोर का विस्तार कभी पशुपति से तिरुपति तक माना जाता था, वह अब सिमटकर केवल कुछ जिलों तक रह गया है। 2014 में जहाँ 126 जिले वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित थे, वहीं 2025-26 तक यह संख्या घटकर मात्र एक अंक में रह गई है। छत्तीसगढ़ का बस्तर संभाग, जो कभी नक्सलियों का अभेद्य किला माना जाता था। अब वह सुरक्षा बलों के नियंत्रण में है और वहां विकास की किरणें पहुँच रही हैं।

सरकार के इन दावों की पुष्टि जमीनी आंकड़ों से भी होती है। पिछले कुछ वर्षों में नक्सली हिंसा की घटनाओं में 70 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है। सुरक्षा बलों की शहादत के आंकड़ों में भी भारी गिरावट दर्ज की गई है। ऑपरेशन कगार और ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट जैसे लक्षित अभियानों के माध्यम से सुरक्षा बलों ने नक्सली नेतृत्व की कमर तोड़ दी है। 2025 के दौरान ही 300 से अधिक नक्सली मारे गए। इनमें कई शीर्ष कमांडर शामिल थे। इसके साथ ही, हजारों की संख्या में कैडरों ने आत्मसमर्पण किया है,। यह समर्पण इस बात का प्रतीक है कि अब इस विचारधारा का आकर्षण खत्म हो रहा है। इतना सब होने के बावजूद, इन सफलताओं के बावजूद नक्सलवाद की चुनौतियां पूरी तरह समाप्त नहीं हुई हैं। सबसे बड़ी चुनौती भौगोलिक विषमता है। छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ जैसे घने वन क्षेत्र आज भी सुरक्षा बलों के लिए कठिन परीक्षा बने हुए हैं। नक्सलियों ने अपने पैर पीछे जरूर खींचे हैं, लेकिन वे पूरी तरह खत्म नहीं हुए हैं। वे अक्सर घने जंगलों और दुर्गम पहाड़ियों का लाभ उठाकर छापामार हमले करने की ताक में रहते हैं। इसके अलावा, अर्बन नक्सलिज्म या वैचारिक उग्रवाद एक नई चुनौती बनकर उभरा है। शहरों में बैठे कुछ बौद्धिक समूह नक्सलियों को वैचारिक और रसद सहायता प्रदान करते हैं। इससे इस समस्या की जड़ें गहरी बनी रहती हैं। जब तक इन वैचारिक और वित्तीय नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त नहीं किया जाता, तब तक उग्रवाद के पुनर्जीवित होने का खतरा बना रहेगा।

एक अन्य महत्वपूर्ण चुनौती स्थानीय आदिवासियों के बीच विश्वास की बहाली है। दशकों से विकास की मुख्यधारा से कटे होने के कारण, कई क्षेत्रों में ग्रामीण अब भी सुरक्षा बलों को संदेह की दृष्टि से देखते हैं। नक्सली अक्सर इस अविश्वास का फायदा उठाते हैं और ग्रामीणों को ढाल के रूप में उपयोग करते हैं। सुरक्षा बलों और स्थानीय जनता के बीच के इस गवर्नेंस वैक्यूम को भरना एक लंबी प्रक्रिया है। केवल सड़कों या मोबाइल टावरों का निर्माण पर्याप्त नहीं है; लोगों को यह महसूस कराना होगा कि सरकार उनकी संस्कृति और अधिकारों की रक्षक है। इसके साथ ही, पड़ोसी राज्यों के बीच समन्वय की कमी भी कई बार बाधा बनती है, क्योंकि नक्सली एक राज्य में दबाव बढ़ने पर दूसरे राज्य की सीमा में शरण ले लेते हैं।

विकास के मोर्चे पर, सरकार को नियत नेल्लानार (आपका अच्छा गांव) जैसी योजनाओं को और विस्तार देना चाहिए, जो अंतिम छोर तक बुनियादी सुविधाएं पहुँचाने पर केंद्रित हैं। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ीकरण सबसे प्रभावी हथियार है। जब आदिवासियों के बच्चों के पास स्कूल होंगे और उनके युवाओं के पास रोजगार के अवसर होंगे, तो नक्सलियों की भर्ती प्रक्रिया स्वत: ही बंद हो जाएगी। कौशल विकास केंद्रों के माध्यम से स्थानीय युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना नक्सली विचारधारा के ताबूत में आखिरी कील साबित हो सकता है। साथ ही, वन अधिकारों (फॉरेस्ट राइट एक्ट) का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना होगा ताकि आदिवासियों को अपनी जमीन पर मालिकाना हक का अहसास हो और वे उग्रवाद के बहकावे में न आएं।

मान्यता है कि नक्सलवाद का पूर्ण उन्मूलन केवल बंदूकों के दम पर संभव नहीं है। वास्तव में ऐसा भी नहीं हैं। कभी श्रीलंका में लिट्टे बहुत मजबूत संगठन था। उसके लड़ाके बेमिसाल थे।

## संक्षिप्त समाचार

### केंद्रीय राज्य मंत्री ने 'सक्षम'' में आस्था विद्यालय एवं नवगुरुकुल का किया अवलोकन

**0 बच्चों की प्रतिभा से हुईं प्रभावित, दिया प्रोत्साहन**




दंतेवाड़ा,(समय दर्शन)। केंद्रीय राज्य मंत्री (युवा मामले एवं खेल) श्रीमती रक्षा निखिल खडसे ने 'सक्षम'' परिसर का दौरा करते हुए आस्था विद्यालय एवं नवगुरुकुल का विस्तारपूर्वक अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं और नवाचारों की सराहना की तथा बच्चों के समग्र विकास के प्रयासों को प्रेरणादायक बताया। अपने भ्रमण के दौरान 'सक्षम''विद्यालय में मंत्री श्रीमती खडसे ने फिजियोथेरेपी कक्ष, शयन कक्ष एवं मेस का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया। विद्यालय भ्रमण के दौरान बच्चों ने मनमोहक संगीत प्रस्तुति दी, जिसने सभी का मन मोह लिया। मंत्री ने बच्चों से सीधे संवाद कर उनके अनुभव, पढ़ाई और भविष्य के सपनों के बारे में भी जाना। मंत्री श्रीमती खडसे ने 'सक्षम'' की इस समग्र एवं नवाचारी पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास नई पीढ़ी को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए संस्था के प्रयासों की प्रशंसा की।

इस क्रम में उन्होंने आस्था विद्यालय में उन्होंने साइंस लैब का भी अवलोकन किया, जहां बच्चों द्वारा किए जा रहे प्रयोगों और वैज्ञानिक गतिविधियों को देखकर उन्होंने विषेष रूप से प्रोत्साहित किया। और उनके भावी करियर के बारे में जानना चाहा। इसके पश्चात उन्होंने नवगुरुकुल का दौरा किया, जहां चल रही कोडिंग कक्षाओं को देखा। उन्होंने विशेष रूप से इस पहल की सराहना की कि कैसे बच्चों को कोडिंग के माध्यम से रोजगार से जोड़ा जा रहा है। यहां के विद्यार्थी न केवल तकनीकी ज्ञान प्राप्त कर रहे हैं, बल्कि प्लेसमेंट के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय कंपनियों में रोजगार भी हासिल कर रहे हैं। यह पहल क्षेत्र के युवाओं के लिए नए अवसरों के द्वार खोल रही है। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं कलेक्टर देवेष कुमार ध्रुव, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, डायरेक्टर एसएआई श्रीमती ममता ओझा, पीएस टू एमओएस निशा अनंत, डायरेक्टर स्पोटर्स छत्तीसगढ़ तनुजा सलाम, एपीएस अतुल महाजन, जिला षिक्षा अधिकारी प्रमोद ठाकुर, डीएमसी हरीश गौतम, सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

### थनौद में अंडरपास की ऊँचाई को मिली स्वीकृति

**- कलेक्टर श्री सिंह ने किसानों को अंडरपास ब्रिज की उंचाई बढ़ाने का भरोसा दिलाया था**

**- निर्माण कार्य आज से हुआ प्रारंभ**



दुर्ग, (समय दर्शन)। जिले के दुर्ग विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम थनौद के पास निर्माणाधीन भारत माला सड़क में अंडरपास ब्रिज की ऊँचाई 06 मीटर करने की स्वीकृति मिल गई है। उक्त अंडरपास ब्रिज की उंचाई 06 मीटर करने का कार्य आज से प्रारंभ हो चुका है। कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह के सकारात्मक पहल एवं आश्वासन पर विगत दिवस किसानों एवं ग्रामीणों ने वहाँ अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त किया था। कलेक्टर श्री सिंह ने अंडरपास ब्रिज की ऊँचाई की स्वीकृति नहीं होने तक विवादित स्थल पर कार्य नहीं होने एवं शेष कार्य चालू करने के निर्देश दिये थे, जिसके बाद अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त किया गया था। आज कृषकों की दो प्रमुख माँगों में से एक अंडरपास की ऊँचाई बढ़ाने की माँग पर मुहर लग गई है। स्वीकृति मिलने के बाद वहाँ कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया है। कार्य प्रारंभ होने संबंधी जानकारी से ग्रामीणजनों एवं कृषकों को भी अवगत करायी गई है। उल्लेखनीय है कि पहले अंडरपास की ऊँचाई 04 मीटर थी जिसे लेकर किसान, ग्रामीण, मूर्तिकार आंदोलित थे, उनकी माँग थी कि ऊँचाई बढ़ाई जाये जिससे हार्वेस्टर धान परिवहन, मूर्ति परिवहन में आसानी हो। इन कारणों से उनके द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल कर निर्माणकार्य को प्रभावित किया गया। अंडरपास की ऊँचाई अब 04 मीटर से बढ़ा कर 6 मीटर की जा रही है।

# जगदलपुर : बस्तर के कृषि उत्पादों को मिलेगी वैश्विक पहचान

**निर्यात जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ने की पहल**



जगदलपुर (समय दर्शन)। बस्तर संभाग की समृद्ध कृषि परंपरा और अद्वितीय वनोपजों को अंतरराष्ट्रीय पटल पर लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल किया जा रहा है। इसी क्रम में बस्तर जिला मुख्यालय स्थित जिला पंचायत सभागार में बीते सोमवार 30 मार्च को कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण के क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर द्वारा एक वृहद निर्यात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यशाला का क्रियान्वयन राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और लक्षद्वीप प्रोड्यूसर कंपनी बकावंड के साझा सहयोग से किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य जिले में उपलब्ध अनाज, प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों, ताजे फलों और सब्जियों के लिए निर्यात के नए द्वार खोलना था।

इस कार्यक्रम की सार्थकता इस तथ्य से और महत्वपूर्ण हो गई है कि वर्तमान वर्ष 2026 को वैश्विक स्तर पर अंतरराष्ट्रीय महिला किसान वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसी के अनुरूप, कार्यशाला में बस्तर की महिला शक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहाँ जिले के विभिन्न किसान उत्पादक संगठनों और स्वयं सहायता समूहों के कुल 73 सदस्यों ने अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के दौरान कृषि निर्यात की असीम संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए विशेषज्ञों ने गुणवत्ता मानकों, आधुनिक पैकेजिंग तकनीकों और अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए अनिवार्य प्रमाणन व दस्तावेजीकरण की प्रक्रियाओं पर गहन चर्चा की। इस दौरान एफपीओ के माध्यम से उत्पादन की मात्रा को प्रबंधित करने और स्वयं सहायता समूहों द्वारा मूल्य संवर्धन (वैल्यू एडिशन) कर उत्पादों को वैश्विक स्तर के अनुरूप बनाने पर विशेष बल दिया गया, साथ ही जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए एनपीओपी प्रमाणन की बारीकियों को भी साझा किया गया। तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करते हुए एपीडा के सलाहकार श्री आनंद कुमार ने प्रतिभागियों को सुझाव दिया कि वे अपने उत्पादों की विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए नियमित नमूने लें और उनका वैज्ञानिक परीक्षण कराएं। उन्होंने उत्पादों की पैकेजिंग पर लेबलिंग के माध्यम से विस्तृत पोषण संबंधी जानकारी प्रदान करने की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि अंतरराष्ट्रीय ग्राहकों का भरोसा जीता जा सके। कार्यक्रम के दौरान एनआरएलएम के श्री राजकुमार देवांगन ने मंच संचालन करते हुए स्थानीय क्षमताओं को रेखांकित किया। इसी क्रम में स्थानीय संगठनों की उपलब्धियां भी सामने आईं, जहाँ एक एफपीओ प्रतिनिधि ने बस्तर की विशिष्ट इमली के लिए जीआई टैग के आवेदन की जानकारी दी, वहीं एक अन्य समूह ने मक्का प्रसंस्करण इकाई स्थापित करने की अपनी भावी योजना साझा की। अंततः, इस सफल आयोजन से यह संभावना प्रबल हुई है कि जिला स्तर पर निर्यात नियोजन सुदृढ़ होगा, जिससे न केवल स्थानीय उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार आएगा, बल्कि किसानों को सीधे विदेशी बाजारों से जोड़कर उनकी आर्थिक समृद्धि का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

## वैशाली नगर वार्ड क्रमांक 30 और ग्राम ननकट्ठी के ग्रामीण जल संकट से परेशान

**- जनदर्शन में कुल 102 आवेदन हुए प्राप्त**



दुर्ग (समय दर्शन) । जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में डिप्टी कलेक्टर श्री उत्तम ध्रुव भी उपस्थित थे। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, सीसी रोड निर्माण, ऋण पुस्तिका सुधार, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 102 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विभिन्न जनसमस्याओं से जुड़े आवेदनों पर संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी कड़ी में नयापारा वार्डवासियों ने अवैध निर्माण कार्य को रोकने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि दुर्ग के नयापारा वार्ड क्रमांक 1 एवं 2 स्थित शीतला मंदिर (गौशाला) चौक में कुछ लोगों द्वारा सार्वजनिक एवं शासकीय भूमि पर मंदिर निर्माण करने के लिए सीमेंटीकरण को तोड़ा जा रहा है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि यह स्थल वर्षों से धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों जैसे गौरी-गौरा एवं जोत-जवांरा विसर्जन के लिए उपयोग में आता रहा है। उन्होंने निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने और स्थल को सुरक्षित रखने की मांग की।

## जगदलपुर : बस्तर की जनता को समर्पित की गई 15 अत्याधुनिक एम्बुलेंस

**महापौर संजय पांडे ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**



जगदलपुर (समय दर्शन)। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की जनहितैषी पहल के अंतर्गत बस्तर की जनता को बेहतर और त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के संकल्प के साथ 15 नई एम्बुलेंस सौंपी गईं। इस महत्वपूर्ण सौगात के साथ अब जिले के वनांचल और दूरस्थ क्षेत्रों में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और अधिक सुगम हो गई है, जिससे विशेष रूप से आकस्मिक दुर्घटनाओं और प्रसव के मामलों में मरीजों को समय पर अस्पताल पहुँचाना संभव हो सकेगा। बुधवार 01 अप्रैल को जगदलपुर स्थित महारानी अस्पताल के प्रांगण में आयोजित एक कार्यक्रम में महापौर श्री संजय पांडे ने इन एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रवानगी से पहले महापौर ने एम्बुलेंस में मौजूद आधुनिक जीवन रक्षक उपकरणों का निरीक्षण किया और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर इन वाहनों को बस्तर की जनता की सेवा के लिए समर्पित किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है और ये एम्बुलेंस इसी कड़ी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य श्री लक्ष्मण झा, श्री निर्मल पाणिग्राही और श्री संजय विश्वकर्मा के साथ स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

## उत्तर बस्तर कांकेर : ग्राम पंचायत सचिव भर्ती हेतु कौशल परीक्षा 05 अप्रैल को




उत्तर बस्तर कांकेर (समय दर्शन)। जिले में ग्राम पंचायत सचिव के 18 पदों पर भर्ती के लिए प्राप्त आवेदनों की जांच उपरांत पात्र एवं अपात्र आवेदकों की सूची जारी कर दी गई है। दावा-आपत्ति के निराकरण पश्चात 2118 आवेदक पात्र एवं 479 अपात्र पाए गए। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हरेश मंडावी द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार विज्ञापन की शर्तों के अधीन पात्र अभ्यर्थियों में से 01 पद के विरूद्ध 05 अभ्यर्थियों का चयन कर मेरिट के आधार पर कम्प्यूटर कौशल परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा का आयोजन 05 अप्रैल 2026 को प्रात: 9:30 बजे से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, माकड़ी सिंगराय में किया जाएगा। परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को अपने शैक्षणिक योग्यता, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र की मूल प्रतियां तथा फोटोयुक्त पहचान पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा। पात्र अभ्यर्थियों की सूची जिला पंचायत एवं संबंधित जनपद पंचायतों के सूचना पटल तथा जिले की वेबसाइट www.kanker.gov.in पर अवलोकन किया जा सकता है।

## खेलों से सकारात्मक बदलाव लाना सरकार की प्राथमिकता-केंद्रीय राज्य मंत्री




दंतेवाड़ा, (समय दर्शन)। केंद्रीय राज्य मंत्री (युवा मामले एवं खेल) श्रीमती रक्षा निखिल खडसे की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के डंकनी सभाकक्ष में सर्व समाज प्रमुखों के साथ एक महत्वपूर्ण संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। बैठक का उद्देश्य जिले की स्थानीय खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देना तथा उन्हें बेहतर अवसर उपलब्ध कराना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत में जिले में संचालित विकासात्मक गतिविधियों का पावर पॉइंट प्रस्तुतीकरण किया गया, जिसमें स्पोर्ट्स सिटी, हॉर्स राइडिंग, थाई बॉक्सिंग, पर्यटन, डिस्ट्रिक्ट साइंस लैब, 'लक्ष्य' एवं 'छू लो आसमान' जैसी पहलें प्रमुख रूप से शामिल रहीं। इन योजनाओं के माध्यम से युवाओं को खेल एवं कौशल विकास से जोड़ने के प्रयासों को रेखांकित किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती खडसे ने कहा कि नई पीढ़ी को खेलों से जोड़ना सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। खेल न केवल शारीरिक विकास में सहायक होते हैं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच भी विकसित करते हैं। उन्होंने प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान, प्रशिक्षण सुविधाओं के विस्तार तथा ग्रामीण क्षेत्रों में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया। साथ ही उन्होंने बताया कि 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स' की शुरुआत छत्तीसगढ़ में की गई है, जिससे जनजातीय क्षेत्रों के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर मंच मिल सके। मंत्री ने समाज प्रमुखों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही जिले में खेल संस्कृति को मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने उपस्थित समाज प्रमुखों से सुझाव भी आमंत्रित किए। समाज प्रमुखों ने खेल अधोसंरचना के विकास, प्रशिक्षकों की उपलब्धता और नियमित प्रतियोगिताओं के आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में खेलों के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाने हेतु समन्वित प्रयास करने पर सहमति व्यक्त की गई।

# जिले को मिली जीवन रक्षक सौगात, स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने हरी झंडी दिखाकर एम्बुलेंस को किया रवाना

**108 संजीवनी एक्सप्रेस की 10 आधुनिक एम्बुलेंसों का हुआ भव्य शुभारंभ**



दुर्ग (समय दर्शन)। जिले में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ और प्रभावी बनाने की दिशा में आज एक ऐतिहासिक पहल की गई। जिला अस्पताल परिसर में आज स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने 108 संजीवनी एक्सप्रेस के अंतर्गत 10 अत्याधुनिक एम्बुलेंसों की विधिवत पूजा-अर्चना कर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसमें एक एडवांस लाइफ सपोर्ट एवं 9 बेसिक लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस शामिल हैं, जो आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी उपचार सुनिश्चित करेंगी। इन आधुनिक एम्बुलेंसों के संचालन से जिले में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की गति, गुणवत्ता एवं पहुंच में क्रांतिकारी सुधार होगा। यह पहल न केवल समय पर उपचार सुनिश्चित करेगी, बल्कि अनगिनत जिंदगियों को बचाने में मील का पत्थर साबित होगी।

108 संजीवनी एक्सप्रेस सेवा के तहत शुरू की गई नई एम्बुलेंसों के शुभारंभ अवसर पर मंत्री श्री गजेन्द्र यादव ने स्वयं एम्बुलेंस चलाकर इस अभियान की शुरुआत को खास बना दिया। उन्होंने शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जिला अस्पताल तक एम्बुलेंस पहुंचाई। इस दौरान कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी, सिविल सर्जन डॉ. आशीषन कुमार मिंज, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजीव ग्लैड, जिला वाहन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बंजारे, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती श्रद्धा साहू व सुश्री प्रिया साहू, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ भूमिका वर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। साथ ही जीवनदीप समिति के कार्यकारिणी सदस्य प्रमोद बाघ, विजय ताम्रकार एवं ऋषि यादव की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम अत्यंत भव्य एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ।

## खबर-खास

### मोहला-मानपुर विधायक इन्द्रशाह मंडावी का ममता नगर में भव्य स्वागत



**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** मोहला-मानपुर के विधायक इन्द्रशाह मंडावी का एकदिवसीय राजनांदगांव प्रवास के दौरान ममता नगर में जोरदार स्वागत किया गया। कांग्रेस नेता आसिफ अली के मार्गदर्शन में मंडल अध्यक्ष राहुल गजभिये, कृष्णा मेश्राम, निरंजन पासवान और अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विधायक का अभिनंदन किया।

विधायक मंडावी ने इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हुए संगठन को और मजबूत बनाने की अपील की। इसके बाद वह मंडल अध्यक्ष राहुल गजभिये के निवास पहुँचे और उनके परिवार एवं मित्रों से मुलाकात की।

इस दौरान डोंगरगढ़ के पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, महेश चंद्रवंशी, राजेश बाफना और नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले भी उनके साथ रहे।

अभिमन्यु मिश्रा, हितेश गोन्नाडे, शैलेष ठावरे, सुरेंद्र गजभिये, प्रियेश मेश्राम, सौरभ देवांगन, जितेंद्र साहू, धीरज रामटेके, हर्ष पांडिया, धीरज नागदेवे, भारत बंसोड़, युवराज राजपूत, ध्रुव निर्मलकर, पप्पू वर्मा, श्रेयांश ठाकुर, जिग्गु सोनवानी, सतीश सोनवानी, गोविंद सोनवानी, रोहन पांडिया, रोशन पांडिया, यश राजपूत, शुभम रामटेके, आदित्य मेश्राम, नन्हा रामटेके, प्रियांशु, पिंटू सिन्हा, रमन वर्मा और अन्य मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

विधायक मंडावी के स्वागत कार्यक्रम ने ममता नगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह और एकजुटता की भावना को और मजबूत किया।

### कर्तव्य न्याय भागीदारी आंदोलन भारत ने 5 दिवसीय करवाया संविधान मंथन कार्यक्रम




**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में कर्तव्य न्याय भागीदारी आंदोलन ने पांच दिवसीय संविधान मंथन कार्यक्रम आयोजित कर समाज में संवैधानिक जागरूकता फैलाने का अनूठा प्रयास किया। इस दौरान समाज के विभिन्न वर्गों, पत्रकारों, कलाकारों, खेल और शिक्षा में उत्कृष्ट योगदान देने वालों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के दौरान संविधान कथा वाचक आचार्य सूरज राही ने गीत और संगीत के माध्यम से संविधान के जटिल विषयों को सरल और रोचक शैली में लोगों तक पहुंचाया। उन्होंने भगवान बुद्ध के करुणा और शांति के संदेश के साथ डॉण् भीमराव आंबेडकर के न्याय, समानता और अधिकारों पर आधारित विचारों को भी प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवशंकर सिंह और प्रदेश अध्यक्ष शशिकांत देवांगन ने बताया कि संविधान मंथन अब समाज में जागरूकता फैलाने का एक व्यापक अभियान बन चुका है। युवाओं, बुजुर्गों, महिलाओं और विद्यार्थियों की बढ़-चढ़कर भागीदारी इसे और प्रभावशाली बना रही है। आयोजकों का मानना है कि जब तक आम जनता संविधान को समझेगी नहीं, तब तक सशक्त लोकतंत्र की कल्पना अधूरी रहेगी। राजनांदगांव से शुरू हुआ यह अभियान अब समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में प्रेरणा बन चुका है। इस कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी रूपेश जोशी, महासचिव सलमान खान, सचिव मनीष जैन, उपाध्यक्ष तुलसी गौतम, उमेश साहू, सचिव बलविंदर सिंह सिख, कोषाध्यक्ष सेवाराम सहित हजारों नागरिकों ने कोन्सटिट्यूशन मूनचान का आनंद लिया।

संविधान की सुरलहरियों ने लोगों को जागरूक किया और समाज को जिम्मेदार नागरिक बनाने में अहम भूमिका निभाई।

### संचेती फाउंडेशन व एसएमएस लिमिटेड ने निभाई सामाजिक जिम्मेदारी, स्कूलों व आंगनबाड़ी को सामग्री वितरित

**पाटन ( समय दर्शन )।** सामाजिक निगमित जिम्मेदारी के तहत संचेती फाउंडेशन एवं एसएमएस लिमिटेड द्वारा आज मुड़पार और चुनकट्टा के शासकीय स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में विभिन्न उपयोगी एवं खेल सामग्री का वितरण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रोजेक्ट हेड डी. विश्वनाथन, एचआर मैनेजर आसिफमुजावर एवं एचआर नागेंद्र शर्मा ने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है और इसी उद्देश्य से यह पहल की जा रही है।

ग्राम पंचायत मुड़पार के शासकीय प्राथमिक शाला में 3 टेबल, 2 डस्टबीन और 8 कुर्सियां प्रदान की गईं। वहीं आंगनबाड़ी क्रमांक 2 में 1 टेबल, 1 डस्टबीन, 2 कुर्सियां, 25 थाली एवं 25 गिलास वितरित किए गए।

इस अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला के हेडमास्टर महेंद्र साहू, ग्राम पंचायत मुड़पार की सरपंच भानूमति तिवारी, बालकिशोर, लोचन यादव, परमेश्वर मार्कण्डेय, टीकाराम यादव, शत्रुघ्न यादव, त्रिवेणी यादव, माधुरी यादव, लता यादव, विद्या यादव, कामिन देशलहरे, महेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# रघुवीर सेवता की नियुक्ति पर हर्ष, विपिन यादव की अनुशंसा पर लगी मुहर

### असंगठित क्षेत्र में कांग्रेस को मिलेगी नई मजबूती

**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज की अनुशंसा एवं कांग्रेस असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक के अनुमोदन से प्रदेश भर में जिला अध्यक्षों की घोषणा की गई है। जारी सूची के अनुसार राजनांदगांव जिला अध्यक्ष पद पर रघुवीर सेवता की नियुक्ति की गई है।

जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अनीस खान द्वारा जारी बयान में जिलाध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि यह नियुक्तियां संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं, जिससे असंगठित क्षेत्र में कांग्रेस की पकड़



और प्रभाव और अधिक सुदृढ़ होगा।विपिन यादव ने इस महत्वपूर्ण नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि छुरिया क्षेत्र निवासी रघुवीर सेवता पार्टी के वरिष्ठ, निष्ठावान एवं जुझारू कार्यकर्ता हैं, जो प्रारंभ से ही ग्रामीण अंचलों में कांग्रेस संगठन को मजबूती देने एवं पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज से आने वाले रघुवीर सेवता की नियुक्ति न केवल समाज के लिए गौरव का विषय है, बल्कि पूरे ग्रामीण क्षेत्र में कांग्रेस के संगठनात्मक विस्तार को नई दिशा देगी।

श्री यादव ने यह भी उल्लेख किया कि रघुवीर सेवता के कार्यों, संगठन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता एवं जमीनी सक्रियता को देखते हुए उनके नाम की अनुशंसा जिला स्तर से की गई थी, जिस पर प्रदेश नेतृत्व ने विश्वास जताते हुए उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस नियुक्ति से असंगठित क्षेत्रों एवं ग्रामीण अंचलों में कांग्रेस संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक प्रभावी ढंग से पहुँचाया जा सकेगा।

# ललित कुमरे बने जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री, कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल




**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** कांग्रेस नेता ललित कुमरे को जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण में महामंत्री नियुक्त किए जाने पर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। पार्टी के स्थानीय कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी और नई जिम्मेदारी में सफलता की शुभकामनाएं दी। कार्यकर्ताओं का कहना है कि ललित कुमरे एक सुलझे हुए और मिलनसार नेता हैं। उन्हें सामाजिक कार्यों के साथ-साथ राजनीति की भी अच्छी समझ है। उनकी राजनीतिक यात्रा स्वर्गीय उदय मुदलियार के साथ शुरू हुई और तब से वे कांग्रेस के साथ सक्रिय हैं।

ललित कुमरे पहले तीन बार युवक कांग्रेस के ग्रामीण अध्यक्ष रह चुके हैं और बाद में उन्हें किसान कांग्रेस का ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया। संगठन में उनकी सक्रियता और मेहनत को देखते हुए उन्हें अब महामंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। वे अपने राजनीतिक गुरु जितेंद्र मुदलियार को आदर्श मानते हैं। कार्यकर्ताओं का मानना है कि नई जिम्मेदारी में भी ललित कुमरे पार्टी के लिए पूरी मेहनत और लगन के साथ काम करेंगे और संगठन को मजबूत बनाएंगे।

# मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय अधिवेशन में उत्कृष्ट कार्यो के लिए जागृति शाखा नैला जांजगीर हुई सम्मानित

**जांजगीर चाम्पा ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच का प्रांतीय अधिवेशन 30 मार्च को अकलतरा में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष कपिल लखोटिया राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जॉन 4 अमर सुल्तानिया प्रदेश अध्यक्ष प्रशांत गांधी प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष महिला श्रीमती रीना केडिया प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक सिंघानिया प्रदेश महामंत्री सलभअग्रवाल प्रदेश कोषाध्यक्ष विक्रांत अग्रवाल की उपस्थिति मेंगरिमा मय वातावरण में संपन्न हुआ इस अधिवेशन में मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा नैला जांजगीर द्वारा वर्ष भर किए गए उत्कृष्ट कार्यों के आधार पर सेवा कार्यों के लिए अपनी एक नई पहचान बनाते हुए सर्वश्रेष्ठ शाखा महिलाका पदक जीता इसी के साथ-साथ शाखा को विभिन्न श्रेणियां में अनेक प्रांतीय पुरस्कारों से भी सम्मानित किया गया शाखा नेतृत्व को नई दिशा व नई रहा में ले जाने के लिए एवं वर्षभर उत्कृष्ट कार्य करने के कारण जहां शाखा नैला जांजगीर को सर्वश्रेष्ठ शाखा का पुरस्कार मिला वहीं वर्ष भर शाखा का नेतृत्व करने वाली अध्यक्ष श्रीमती पूनम अग्रवाल को श्रेष्ठ अध्यक्ष के पद से नवासा गया इसी के साथ-साथ शाखा को लगभग15 रत्नों से नवासा गया जिसमें सर्वश्रेष्ठनारी चेतना सम्मान सर्वश्रेष्ठ धार्मिक आयोजन सम्मान मंडली पाठक सम्मान कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण सम्मान अग्रिम भुगतान सम्मान राष्ट्रीय सहयोग पत्र अग्रिम भुगतान सम्मान के साथ-साथ जन सेवा एवं वर्ष भर किए गए सक्रियता से किए गए कार्य के लिए विभिन्न पदको से सम्मानित किया गया इसी का साथ-साथ प्रांतीय अधिवेशन में सामाजिक धार्मिक जन सेवा के साथ-साथ विभिन्न प्रकल्पों को प्रांतीय मंच में सराहा गया इसी के साथ-साथ योग दिवस पर जन जागरूकता कार्यक्रम एवं योग शिविर का आयोजन स्थाई अमृत धारा की स्थापना पौष्टिक नाश्ता एवं भोजन का वितरण रक्तदान शिविर का आयोजन जरूरतमंदों को कपड़े व भोजन सामग्री का वितरण शासकीय स्कूल में जाकर गर्म कपड़ों का वितरण अनाथालय के बच्चों महिलाओं को कपड़ों फल का वितरण बच्चों के साथ ड्राइंग कंपटीशन एवं पुरस्कार वितरण के साथ-साथ अनेक प्रकार के कार्यक्रम को प्रांतीय मंच द्वारा सराहा गया इसी के साथ-साथ मंच की प्रांतीय निर्देशक श्रीमती सुनीता मोदी को सर्वश्रेष्ठ प्रांतीय निर्देशिका का सम्मान एवं नारी चेतना प्रदेशसंयोजक श्रीमती शिखा अग्रवाल को श्रेष्ठ नारी चेतना सम्मान एवं अमृतधारा के तहत प्रदेशसहसंयोजक श्रीमती कल्याणी भोपालपुरिया को सर्वश्रेष्ठ अमृतधारा पुरस्कार से सम्मानित किया गया इस प्रांतीय अधिवेशन में राष्ट्रीय एवं प्रांतीय स्तर के अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे सभी अतिथियों ने अपने संबोधन में मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा नैला जांजगीर के साथ-साथ प्रदेश की अन्य शाखाओ द्वारा किए जा रहे अनेक कार्यों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की इस उपलब्धि पर मारवाड़ी समाज एवं मंच के सदस्यों में हर्ष व्याप्त है।



# मौत बन चुकी थीं सड़कें, अब दौड़ेगी जिंदगी — गरियाबंद को मिली 10 नई एंबुलेंस



**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** सड़क हादसों और बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था से जूझ रहे गरियाबंद जिले के लिए आखिरकार राहत की खबर सामने आई है। लगातार हो रही दुर्घटनाओं और एंबुलेंस की अनुपलब्धता को लेकर उठ रही आवाजों के बाद अब प्रशासन हरकत में आया है। जिले को 10 नई 108 संजीवनी एक्सप्रेस एंबुलेंस मिल गई हैं,जिससे आपातकालीन सेवाओं में बड़ा सुधार होने की उम्मीद है।

### जब सड़क पर तड़पता रहा घायल, सिस्टम रहा गायब

हाल ही में पीडब्ल्यूडी कार्यालय के सामने हुए दर्दनाक हादसे ने पूरे जिले को झकझोर कर रख दिया था। तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से घायल व्यक्ति सड़क पर तड़पता रहा, लेकिन 108 और 112 जैसे आपातकालीन नंबरों से कोई मदद नहीं मिली ।आखिरकार, लोगों ने मानवता दिखाते हुए घायल को बाइक से अस्पताल पहुंचाना पड़ा। इस घटना ने जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोल दी थी।

### खबरों का असर — अब बदलेगी तस्वीर

लगातार खबरों के प्रकाशन और जनदबाव के बाद प्रशासन ने त्वरित कदम उठाते हुए 10 नई एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाई। ये सभी वाहन अब जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में तैनात किए जाएंगे, जिससे हर ब्लॉक में आपातकालीन सेवा की पहुंच सुनिश्चित होगी।

### हर कोने तक पहुंचेगी मदद

नई एंबुलेंस की तैनाती इस प्रकार की गई है: जिला अस्पताल — 2 वाहन

पाण्डुका,राजिम,फिंगेश्वर,छुरा,मैनपुर,अमलीपदर, देवभोग,सूपेबेड़ा — 1-1 वाहन शामिल है इनमें से 1 एंबुलेंस एडवांस लाइफसपोर्ट सिस्टम से लैस है, जबकि बाकी 9 बेसिक लाइफ सपोर्ट सिस्टम से युक्त हैं।

### ग्रामीण इलाकों को सबसे बड़ा फायदा

इन एंबुलेंस के शुरू होने से दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को समय पर इलाज और रेफरल की सुविधा मिल सकेगी। गंभीर मामलों में अब मरीजों को तेजी से बड़े अस्पतालों तक पहुंचाना संभव होगा।

### सेवा में बदलाव, उम्मीदें बढ़ीं

इस बार एंबुलेंस सेवा के संचालन की जिम्मेदारी नई एजेंसी को सौंपी गई है, जिससे प्रतिक्रिया समय और सेवा की गुणवत्ता बेहतर होने की उम्मीद जताई जा रही है।

### प्रशासन का दावा

प्रशासन का कहना है कि स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना प्राथमिकता है और नई एंबुलेंस से सीधे आम जनता को लाभ मिलेगा। अब सवाल ये है कि क्या ये नई एंबुलेंस वाकई समय पर पहुंचेंगी ?

# नवोदय विद्यालय सुकमा-1 में वार्षिक परिणाम समारोह, मेधावी छात्रों का सम्मान और सफलता का संदेश



**सुकमा ( समय दर्शन )।** विद्यालय में सत्र 2025-26 के गैर-बोर्ड कक्षाओं (कक्षा 6 से 11) का वार्षिक परीक्षा (टर्म-2) परिणाम समारोह बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर सभी कक्षाओं के मेधावी छात्र-छात्राओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया तथा सभी विद्यार्थियों के प्रयास, मेहनत और प्रगति की सराहना की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नितिन उपाध्याय (टीआई, दोरनापाल) ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता एक दिन में नहीं मिलती, बल्कि निरंतर मेहनत, ऊर्जा, रुचि और दृढ़ संकल्प से ही जीवन के उच्चतम लक्ष्य प्राप्त किए जा सकते हैं।

विद्यालय के प्राचार्य संजय कुमार मंडल ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वे स्वयं भी इसी पृष्ठभूमि से आए हैं और यदि वे सफलता प्राप्त कर सकते हैं, तो सभी छात्र-छात्राएं भी अपने जीवन को सफल, समृद्ध और सुखद बना सकते हैं।

इस अवसर पर कक्षा 8 के छात्र मास्टर अमन मडवी ने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं कक्षा 11वीं की छात्रा लिपि मलिक ने द्वितीय स्थान और कक्षा 11वीं की ही छात्रा खिलेश्वरी ने उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इसके अतिरिक्त विभिन्न कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले अन्य विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य द्वारा मुख्य अतिथि, सभी शिक्षकगण एवं परीक्षा शाखा प्रभारी का समय पर परिणाम घोषित करने और सफल आयोजन हेतु आभार व्यक्त किया गया।

इसी दौरान विद्यालय में आयोजित हो रहे ब्रश कैलीग्राफी की कार्यशाला आयोजित की गई, जिसकी वक्ता और प्रशिक्षक श्रीमती ईशा गांधी ने विद्यार्थियों को बहुत ही उत्साह और समर्पण से कैलीग्राफी की प्रशिक्षण प्रदान की एवं इस अवसर पर निशांत पाठक डीएसपी दोरनापाल भी उपस्थित रहे और बच्चों का उत्साह वर्धन किया।

प्राचार्य से मिली जानकारी के अनुसार आगामी दिनांक 06.04.2026 सायंकाल 4.30 पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुकुंद ठाकुर (भाप्रसे) के करकमलों द्वारा सत्र के सभी परीक्षाओं के सम्मिलित परिणाम की घोषणा और अंक पत्र प्रदान करने का कार्यक्रम आयोजित होना तय है।

# कलेक्टर के आदेश की उड़ रही धज्जियां: प्रतिबंध के बावजूद धड़ल्ले से हो रहा बोर खनन



### भू जल के गिरते जलस्तर को देखते 1 अप्रैल से लगाया गया है प्रतिबंध, लेकिन रात-दिन जारी अवैध खनन

**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** जिले मे कलेक्टर के आदेश को बोर डीलर गभीरता से लेते नहीं दिख रहे । कलेक्टर के फरमान कि अनदेखी करते हुए बीती रात एक तारीख को ही शहर मे रात 12 बजे से बोर डीलर द्वारा बोर खनन करते देखा गया। रात मे अधिकारियों कि आँखो से तो बच गया पर कैमरे मे कैद हो गया।

उल्लेखनीय है कि जिले में गिरते भूजल स्तर को देखते हुए प्रशासन ने 1 अप्रैल से 30 जून तक बोर खनन पर सख्त प्रतिबंध लगाया था, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट नजर आ रही है। कलेक्टर के स्पष्ट निर्देशों की खुलेआम अवहेलना करते हुए जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में दिन-रात बोर खनन का अवैध खेल जारी है, जिससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

जल संकट को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन द्वारा 1 अप्रैल से बोर खनन पर रोक लगाई गई थी, ताकि लगातार गिरते जलस्तर को बचाया जा सके। लेकिन इस आदेश का असर जमीन पर दिखाई नहीं दे रहा है।

सूत्रों के मुताबिक,शहर और ग्रामीण इलाकों में खुलेआम मशीनों से बोर खनन किया जा रहा है। रात के अंधेरे में तो यह अवैध कार्य और भी तेजी से हो रहा है,जिससे साफजाहिर होता है कि जिम्मेदार अधिकारियों की निगरानी या तो कमजोर है या फिर जानबूझकर अनदेखी की जा रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार बोर खनन से जलस्तर तेजी से नीचे जा रहा है,जिससे आने वाले दिनों में पेयजल संकट और गहराने की आशंका है।इसके बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं होना चिंता का विषय है।इन सब समस्याओं पर आम नागरिकों में इस मुद्दे को लेकर नाराजगी बढ़ती जा रही है।लोगों का कहना है कि एक ओर प्रशासन जल संरक्षण के लिए अभियान चला रहा है,वहीं दूसरी ओर अवैध बोर खनन को रोकपाने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहा है।

वही लोगो ने प्रशासन पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि क्या कलेक्टर के आदेश सिर्फकागजों तक सीमित हैं ?आखिर किसके संरक्षण में चल रहा है अवैध बोर खनन ?क्या जल संकट का इंतजार कर रहा है प्रशासन ?

यदि समय रहते इस अवैध बोर खनन पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई,तो आने वाले समय में जिले को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले में कितनी सख्ती दिखाता है या फिर यह खेल यूं ही चलता रहेगा।

# आबकारी विभाग पर फिर उठे सवाल : सेल्समैन भर्ती में 1.30 लाख की मांग का ऑडियो वायरल, जांच की मांग



**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** जिले के आबकारी विभाग एक बार फिर विवादों में घिर गया है। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के जिला महासचिव ऋषभ रामटेके ने शराब दुकानों में सेल्समैन भर्ती को लेकर गंभीर आरोप लगाते हुए जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा है। आबकरी विभाग के बाबू राम सिंह पाटिल और उनके प्रिय शिष्य लोकेशन ऑफिसर टोमेश्वर वर्मा (साहिल) पर पैसे लेकर नौकरी लगाने का आरोप लगाया है।

रामटेके के अनुसार, हाल ही में एक ऑडियो रिकॉर्डिंग वायरल हुई है, जिसमें कथित तौर पर सेल्समैन की नौकरी दिलाने के एवज में 1 लाख 30 हजार रुपये की मांग की बात सामने आई है। उन्होंने बताया कि इस रिकॉर्डिंग को व्हाट्सएप के माध्यम से पुलिस अधीक्षक को भी उपलब्ध कराया गया है। गौरतलब है कि इससे पहले भी 23 मार्च 2026 को साहिल वर्मा के खिलाफ कोचियागिरी को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए शिकायत की गई थी। उस मामले में अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने का आरोप भी लगाया गया है।

रामटेके ने मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई नहीं की गई, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री का जताया आभार

### केन्द्रवार आबंटन में बसना विधानसभा को मिली 2अत्याधुनिक एंबुलेंस

### अब समय पर मिलेगा इलाज, नहीं थमेगी सांसें-डॉ सम्पत अग्रवाल

**बसना ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ की जीवनदायिनी कही जाने वाली '108 संजीवनी एक्सप्रेस' अब एक नए और आधुनिक स्वरूप में नजर आएगी। राज्य शासन के स्वास्थ्य विभाग द्वारा आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से उठाए गए इस बड़े कदम का बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने स्वागत किया है। महासमुंद जिले को आवंटित नवीन एंबुलेंसों की सौगात पर हर्ष व्यक्त करते हुए विधायक डॉ. अग्रवाल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री के प्रति विशेष रूप से आभार प्रकट किया है। विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि हमारा संकल्प 'स्वस्थ बसना, उन्नत बसना' है। 1 अप्रैल से 108 संजीवनी एक्सप्रेस सेवा का नए स्वरूप में संचालन होने से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ीकरण होगा। नई संस्था त्रङ्क्य श्वस्त्रक्च के आने से एंबुलेंसों के रिस्पॉन्स टाइम में कमी आएगी। आधुनिक संसाधनों से लैस ये गाड़ियाँ कीमती जानों को बचाने में मील का पत्थर साबित होंगी। उन्होंने जनता को आश्वस्त किया कि वे स्वयं इन सेवाओं की मॉनिटरिंग करेंगे ताकि क्षेत्र के किसी भी व्यक्ति को एंबुलेंस की कमी के कारण इलाज में देरी न हो।



स्वास्थ्य सेवा संचालनालय द्वारा जारी सूची के अनुसार महासमुंद जिले के चप्पे-चप्पे में त्वरित चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करने के लिए वाहनों का आवंटन कर दिया गया है। विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने आवंटित वाहनों का विवरण साझा करते हुए बताया कि:बसना विधानसभा: सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना हेतु वाहन क्रमांक छ्त्र04 ह्ल्ल 2999 आवंटित किया गया है। पिथौरा : ष्ट॥ष्ट पिथौरा के लिए वाहन क्रमांक छ्त्र04 रूँ5495 की सेवाएं उपलब्ध रहेंगी।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य सेवा संचालनालय ने '108 संजीवनी एक्सप्रेस' के संचालन की जिम्मेदारी अब GVK EMRI GREEN HEALTH को सौंपी है। यह नई व्यवस्था 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी हो गई है।

## खबर-खास

### आपातकालीन कॉल प्राप्त होते ही त्वरित प्रतिक्रिया देने के निर्देश



**बालोद ( समय दर्शन )।** बालोद जिले में प्रारंभ होने वाली डॉयल 112 के संबंध में पुलिस अधीक्षक कार्यालय बालोद के सभाकक्ष में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य डायल 112 सेवा की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी, तेज और सुचारू बनाना, प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों एवम कर्मचारियों को आपातकालीन कॉल प्राप्त होते ही त्वरित प्रतिक्रिया देने के निर्देश दिए गए, विशेष रूप से रिस्पॉन्स टाइम को कम करने, घटना स्थल पर शीघ्र पहुंच कर आम नागरिकों को बेहतर सेवा प्रदान करने निर्देश दी गई।

प्रशिक्षण सत्र में ड्यूटी के दौरान सतर्कता, अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने तथा पीड़ितों को समय पर सहायता पहुंचाने के लिए व्याहारिक मार्गदर्शन दिया गया।

उक्त प्रशिक्षण को श्री योगेश कुमार पटेल( भा. पु. से.) पुलिस अधीक्षक महोदय बालोद की उपस्थिति में एक दिवसीय प्रशिक्षण पुलिस कार्यालय बालोद के सभा कक्ष में रखा गया,जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका ठाकुर, रक्षित निरीक्षक श्रीमती रेवती वर्मा, कंट्रोल प्रभारी महेन्द्र सिंग ठाकुर सउनि. के द्वारा भी डॉयल 112 के संबंध में इकाई के थानों से आये कर्मचारीयों को प्रशिक्षण दिया गया।

### अभाविप जांजगीर-चांपा द्वारा जिलें में शासकीय विश्वविद्यालय के स्थापना की मांग को लेकर छात्रहित में सौंपा गया ज्ञापन



**जांजगीर ( समय दर्शन )।** जिले में शासकीय विश्वविद्यालय की मांग को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जांजगीर चांपा द्वारा महामहिम राज्यपाल के नाम जिलाधीश महोदय को सौंपा गया ज्ञापन। जिले में अनेक शासकीय व अशासकीय महाविद्यालय संचालित है, जहां हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं, परन्तु जिले में शासकीय विश्वविद्यालय के अभाव में हजारों छात्रों की उच्च शिक्षा में बाधा बनी हुई है, अत: इस गंभीर विषय को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जांजगीर चांपा द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाया गया , जिसमें जिले भर के अनेक शासकीय व अशासकीय शिक्षण संस्थानों , महाविद्यालयों में अध्ययनरत हजारों छात्र-छात्राओं ने इस अभियान की सराहना करते हुए अपना समर्थन दिया, जिसे अभाविप जांजगीर-चांपा द्वारा संकलित कर शासकीय विश्वविद्यालय की मांग के ज्ञापन के साथ संलग्न कर जिलाधीश महोदय को ज्ञापन सौंपा गया।प्रमुख रूप से अखिल भारतीय विद्यार्थी जांजगीर चांपा के जिला संयोजक उदय पाण्डेय,जिला संगठन मंत्री ताम्रध्वज साहू जी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अनामिका सिंह जी , प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सिद्धार्थ तिवारी जी, नगर सहमंत्री आर्यन सिंह जी,नगर सहमंत्री शिवांश सिंह जी, महाविद्यालय प्रमुख अनुराग त्रिपाठी जी,कार्यकारिणी सदस्य रितेश राठौर जी शामिल रहे।

### छत्तीसगढ़ में राजस्व पखवाड़ा 2026 आयोजित करने के निर्देश जारी

**बेमेतरा ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए राजस्व पखवाड़ा 2026 आयोजित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। जारी निर्देश के अनुसार राजस्व पखवाड़ा का आयोजन चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। इसके तहत अप्रैल, मई और जून माह में अलग-अलग तिथियों में यह अभियान चलाया जाएगा। अप्रैल माह मे 1 अप्रैल 2026 से 15 अप्रैल 2026 तक, मई माह मे 4 मई 2026 से 18 मई 2026 तक, जून माह मे 1 जून 2026 से 15 जून 2026 तक इन निर्धारित तिथियों के दौरान जिले के सभी गांवों में राजस्व विभाग के अधिकारी शिविर लगाकर लोगों की समस्याओं का मौके पर निराकरण करेंगे।

राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए आयोजित होने वाले राजस्व पखवाड़ा 2026 में लोगों की जमीन एवं राजस्व से जुड़ी कई प्रमुख समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

अभियान के दौरान लंबित नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, नक्शा बंटवारा, भू-अभिलेख सुधार, आधार व मोबाइल नंबर की प्रविष्टि, किसान किताब सुधार, बी-1 एवं खसरा से जुड़े मामलों का निराकरण किया जाएगा। इसके साथ ही आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र से संबंधित आवेदनों का भी शिविर स्थल पर ही ऑनलाइन पंजीयन कर समय-सीमा में निपटारा किया जाएगा।

## बसना में ब्राह्मण नवयुवक संघ की कार्यकारिणी का विस्तार



**बसना ( समय दर्शन )।** हरि लक्ष्मी विप्र भवन बसना में ब्राह्मण नवयुवक संघ बसना की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन की कार्यकारिणी के विस्तार के साथ ही विप्र मातृ संगठन का गठन किया गया। बैठक का शुभारंभ भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना के साथ किया गया।बैठक में पूर्व से मनोनीत अध्यक्ष नीरज कुमार दास, सचिव ललित कुमार मिश्रा एवं कोषाध्यक्ष हेमसागर मिश्रा के नेतृत्व में सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का विस्तार किया गया।

नवनियुक्त पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष के रूप में नरेश मिश्रा एवं सतीश पाढ़ी, सहसचिव के रूप में बसंत देवता एवं सौरव कर को जिम्मेदारी दी गई। सलाहकार मंडल में तरुण दास, वृंदावन सतपथी, अयोध्या मिश्रा, रमेश कर, हेमंत दास, अशोक जोशी, अरुण मिश्रा, बद्री प्रसाद पुरोहित एवं छबीमन्यू षड़ंगी को शामिल किया गया।कार्यकारिणी सदस्य के रूप में आनंद कुमार दास, किशोर दास, उपेंद्र देवता, बैजनाथ पुरोहित, डॉ. निलय कर, मुकेश जोशी, गुलाब सतपथी, सुभाष देवता, सत्यनारायण ठाकुर, सुधीर सतपथी, सुज्ञान कर, भगवान दास, मदन दास, फक्रीर दास, राधाकांत कर एवं आनंद विलास दास को मनोनीत किया गया।

## खदान के विरोध में सड़क पर उतरे हजारो आक्रोशित ग्रामीण ,ई नीलामी निरस्त करने की मांग




**सारंगढ़ बिलाईगढ़-टारजन महेश ( समय दर्शन )।** सारंगढ़ नगर पालिका क्षेत्र और जिला मुख्यालय से सटे रिहायशी इलाकों में प्रस्तावित 1800 एकड़ में चूना पत्थर (लाइमस्टोन) खदानों की ई-नीलामी की खबर ने स्थानीय निवासियों में भारी आक्रोश पैदा कर दिया है। प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों ने सारँगढ गण चौक में एकत्रितकरण कर सैकड़ो की संख्या में कलेक्टर कार्यालय के लिए निकले पुलिस प्रशासन के भारी मशक्कत के बावजूद भीड़ को काफी समझाइस के बाद कलेक्टर परिसर से पहेली रोका गया और कलेक्टर के नाम तहसीलदार को निम्न मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा है, जिसमें प्रस्तावित नीलामी को जनहित में तत्काल निरस्त करने की मांग की गई है। ?घनी आबादी के बीच खनन का प्रस्ताव ?ज्ञापन में बताया गया है कि जिला मुख्यालय स्थित वार्ड क्रमांक 1 (कुटेला), वार्ड क्रमांक 2 (भोजपुर) और वार्ड क्रमांक 10 (खैरा, जुनाडीह) सहित शहर से सटे ग्राम रोपागुला, दुर्गापाली, हरिहरपाली, चँदाई, खम्हारडीह, पंचपेड़ी, भैसदेहान, गाताडीह और सुलोनी में चूना पत्थर खदानों की ई-नीलामी प्रस्तावित है। ये सभी क्षेत्र पूर्णत: नगरीय और घनी आबादी वाले हैं। ?प्रमुख संस्थान और जन-स्वास्थ्य पर संकट ?स्थानीय नागरिकों का तर्क है कि इन क्षेत्रों के समीप जिला चिकित्सालय, जिला न्यायालय, कॉलेज, वन परिक्षेत्र कार्यालय, जिला लोक निर्माण विभाग, खाद्य आपूर्ति कार्यालय, खेलभाठा स्टेडियम और आवासीय परिसर स्थित हैं। ?ब्लास्टिंग का खतरा: खनन कार्य में होने वाले विस्फोटों (ब्लास्टिंग) से आसपास के घरों और सरकारी इमारतों को क्षति पहुँचने की आशंका है। ?प्रदूषण: धूल, ध्वनि और वायु प्रदूषण से मरीजों, छात्रों और आम नागरिकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। ?मास्टर प्लान और नियमों की अनदेखी का आरोप

?ज्ञापन में सात प्रमुख बिंदुओं के माध्यम से खनन कार्य को अनुचित ठहराया गया है:नगरीय क्षेत्र का मास्टर प्लान इन जमीनों को आवासीय/मिश्रित उपयोग के लिए दर्शाता है, जहाँ खनन प्रतिबंधित है। नागरिकों ने पर्यावरणीय स्वीकृति और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की एनओसी की स्थिति पर भी सवाल उठाए हैं।

जनसुनवाई का अभाव आरोप है कि स्थानीय नागरिकों की सहमति नहीं ली गई और न ही कोई औपचारिक जनसुनवाई की गई। ?भारत माला परियोजना प्रभावित क्षेत्र से राष्ट्रीय राजमार्ग और केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण 'भारत माला परियोजना' गुजर रही है, जो खनन कार्य से प्रभावित हो सकती है। प्रभावित क्षेत्रवासियों ने स्पष्ट कहा है कि सारंगढ़ एक नया जिला है जहाँ आबादी तेजी से बढ़ रही है।

## ''ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, बनारी, जांजगीर में नए सत्र 2026-27 का विद्यारंभ संस्कार द्वारा भव्य आयोजन

**जांजगीर ( समय दर्शन )।** ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, बनारी, जांजगीर में दिनांक 01/04/26 को संस्था संचालक श्री आलोक अग्रवाल, डॉ. गिरिराज गढ़ेवाल एवं संस्था प्राचार्या श्रीमती सोनाली सिंह जी निर्देशन में दिनांक 01 अप्रैल 2026 को नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 का शुभारंभ बड़े ही हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में प्री-प्राइमरी कक्षाओं के नन्हें विद्यार्थियों के लिए 'अक्षर लेखन एवं विद्यारंभ संस्कार' का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक रंग में रंग दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। विद्यालय की प्राचार्या एवं शिक्षकों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसके पश्चात छोटे-छोटे बच्चों को उनके जीवन के प्रथम अक्षर अक्षत पर लिखवाकर शिक्षा के पावन मार्ग पर अग्रसर किया गया। इस अवसर पर संस्था की प्राचार्या सोनाली सिंह जी द्वारा बच्चों को डिजिटल राइटिंग पैड प्रदान किया गया। साथ ही नर्सरी की शिक्षिका सुश्री सुमन दुबे एवं श्रीमती सरिता प्रधान द्वारा 'अ'



अक्षर लिखवाया गया, भारतीय संस्कृति के अनुसार पंडित श्री राकेश तिवारी जी द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ संस्कार सम्पन्न कराया गया। विद्यालय के इस पारंपरिक आयोजन में अभिभावकों की भी सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। उन्होंने अपने बच्चों के इस महत्वपूर्ण क्षण को बड़े ही भावुक एवं गर्व के साथ अवलोकन किया और विद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। बच्चों के चेहरे पर उत्साह और आनंद स्पष्ट झलक रहा था, वहीं अभिभावकों में भी इस अनूठे संस्कार को लेकर विशेष उत्सुकता देखी गई। विद्यालय की प्राचार्या महोदया ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यारंभ संस्कार भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो बच्चों के जीवन में शिक्षा के प्रति सम्मान और समर्पण की भावना उत्पन्न करता है। हमारा उद्देश्य केवल शैक्षणिक ज्ञान देना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर भी विशेष ध्यान देना है। उन्होंने आगे कहा कि विद्यालय में आधुनिक शिक्षा पद्धति के साथ-साथ भारतीय परंपराओं और संस्कारों को भी समान महत्व दिया जाता है। विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने भी इस अवसर पर उपस्थित होकर कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास एवं सीखने की उत्सुकता को बढ़ाते हैं। उन्होंने विद्यालय द्वारा शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों पर दिए जा रहे विशेष ध्यान की प्रशंसा की। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को मिठाई वितरित की गई तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। पूरे कार्यक्रम का संचालन सुव्यवस्थित ढंग से किया गया और यह आयोजन विद्यालय परिवार के लिए एक यादगार क्षण बन गया।

नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत इस प्रकार के पावन एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम के साथ होने से विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है। ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल, बनारी द्वारा इस प्रकार के सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक आयोजनों के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

## मानव मंदिर चौक में राम जन्मोत्सव शोभायात्रा का भव्य स्वागत



**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** राम जन्मोत्सव के पावन अवसर पर नगर में निकली भव्य शोभायात्रा का मानव मंदिर चौक में हिंदू जागरण मंच द्वारा श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के साथ जोरदार स्वागत किया गया। जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर नजर आया। शोभायात्रा के स्वागत के लिए मंच के कार्यकर्ताओं ने विशेष तैयारियां की थीं। जैसे ही यात्रा चौक पहुंची, श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा कर भगवान श्रीराम की झांकियों का भव्य अभिनंदन किया।कार्यक्रम में महिला इकाई की भागीदारी विशेष रूप से आकर्षण का केंद्र रही। बड़ी संख्या में महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होकर भक्ति गीतों के साथ अपनी आस्था प्रकट की और शोभायात्रा का उत्साहपूर्वक स्वागत किया।इस दौरान पूरे आयोजन में अनुशासन और व्यवस्था बनाए रखने में कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका रही। कार्यक्रम में हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में सभी ने भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। आयोजकों ने उपस्थितजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में धार्मिक चेतना और सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने का कार्य करते हैं।


**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, पाटन के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202603104500051**

विषय-अ-6-अ **मामले की श्रेणी:- राजस्व** सन-2025-2026

कोपेडीह प.ह.न. 00005 [(हे0)]

पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार-विनोद कुमार चन्द्राकर, मनोज कुमार चन्द्राकर

अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम कोपेडीह प.ह.नं. 05 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक विनोद कुमार चन्द्राकर पिता फत्तु राम चन्द्राकर अन्य 7 निवासी ग्राम बैगापारा, पाउवारा तहसील गुण्डरदेही जिला बालोद द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि आवेदकगणों के स्वामित्व एवं आधिपत्य की शामिल शरीक भूमि वाके मौजा ग्राम कोपेडीह, प.ह.नं. 05, रा.नि.मं. भिलाई 3. तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि जिसका खसरा नं. 430/10 रकबा 0.0100 हेक्टेयर अर्थात 1000 वर्गफुट भूमि स्थित है जिसको आवेदकगणों ने विक्रेता कल्याण सिंह पिता स्व. शिवसिंग निवासी शंकर नगर रायपुर छ.ग रहने वाले से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 10/03/2014 के माध्यम से क्रय किया है। यह कि आवेदकगणों ने उक्त भूमि को क्रय करने के पश्चात विधिवत नामांतरण कराया गया है जिसका ना. क्र. 352, दिनांक 15/11/2014 के माध्यम से किया गया था। किन्तु वर्तमान राजस्व अभिलेखों में उक्त खसरा में रकबा दर्ज नहीं दिखा रहा है। यह कि उक्त भूमि के मिसल अभिलेखों में उक्त भूमि खसरा 430/2 में रकबा दर्ज दिखा रहा है किन्तु बंदोबस्त त्रुटि की वजह से राजस्व अभिलेखों उक्त भूमि के खसरा में रकबा दर्ज नही दिखा रहा है, एवं खसरा नं. 430/2 रकबा 0.0220 है. भूमि जो राजस्व अभिलेखो में आनलाईन नहीं है किन्तु मेनुअल अभिलेखों में खसरा नं. 430/2 रकबा 0.0220 है. भूमि दर्ज है तथा खसरा नं. 430/2 का बढ़ते हुये क्रम में खसरा नं. 430/10 बटांकित किया गया है। यह कि उक्त आवेदित भूमि के रकबा में हुये त्रुटि को सुधारते हुये मिसल अभिलेखों के आधार से खसरा नं. 430/10 में रकबा 0.0100 हेक्टेयर भूमि दर्ज करते हुये राजस्व भुईया में डिजीटल आनलाईन किये जाने हेतु माननीय न्यायाल में आवेदन प्रस्तुत किया है।

अत: उपरोक्तानुसार कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई हेतु नियत तिथि 00.04.2026 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह इश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुक्त से आज दिनांक 18/03/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**पाटन**



**कार्यालय नगरपालिका कार्यालय नगर पालिका परिषद गरियाबंद, जिला गरियाबंद ( छ.ग. )**

Email-naganpalikagariaband@gmail.com

क्रमांक / 1437 / न.पा./ राजस्व/2025-26 गरियाबंद दिनांक 30/03/26

**!! प्रकाशन सूचना !!**

नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 अंतर्गत निम्नांकिंत व्यक्तियों के द्वारा उसके मकान / भूमि के समक्ष नाम को नगर बालिका परिषद् गरियाबंद के कर मांग पंजी पर (दर्ज करने) नाम परिवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय में प्रमाणित दस्तावेजों सहित लिखित नापत्ति प्रस्तुत की जा सकती है निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नही किया जावेगा।

| क्र. | हस्तांतरणकर्ता / अनावेदक का नाम | हस्तांतरिती / आवेदक का नाम | वार्ड क्र. | ह. न. | खसरा नं. | क्षेत्रफल | समपत्ति की स्थिति | हस्तांतरण का स्वरूप |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भरत लाल / द्वारिका | आशा बाई / भरत लाल | 01 | 10 | 52 | 1300 वर्गफीट | मकान | शपथ पत्र |
| 2 | जालमसिंग / खेदूराम | सुनिता अवस्थी / लोकेन्द्र | 06 | 10 | 884 | 42 वर्गमीटर | मकान | बिकीनामा |
| 3 | अमीन मेमन / असरफ | इदरीश मेमन / इकबाल | 01 | 10 | 79/2 | 0.036 हेक्ट | मकान | बिकीनामा |
| 4 | डिकेश्वरी / खेमराज साहु | पुनम/ राकेश, लक्ष्मी/छन्नु | 04 | 10 | 53/2 | 46 वर्गमीटर | मकान | बिकीनामा |
| 5 | देवी बाई / सोनउराम | सोनउ राम / भगोलीराम | 08 | 10 | 1063 | 1596 वर्गफीट | मकान | शपथ पत्र |
| 6 | नयन उइके / नरभेराम | नरभेराम / कुन्तुराम | 10 | 10 | 911 | 114 वर्गमीटर | मकान | सहमति पत्र |
| 7 | राजकुमार / रूपुराम | रमेश / रूपुराम यादव | 13 | 10 | 819 | 385 वर्गफीट | मकान | सहमति पत्र |
| 8 | अनिल / यशवंत साहु | गुमान सिंह / कुबेर | 06 | 10 | 884 | 56 वर्गमीटर | मकान | बिकीनामा |
| 9 | अनुप्रिया / अरूण वर्मा | लक्ष्मण / श्याम लाल | 05 | 10 | 891 | 22 वर्गमीटर | दुकान | सहमति पत्र |
| 10 | सुदीपा / प्रदीप वर्मा | लक्ष्मण / श्याम लाल | 05 | 10 | 891 | 22 वर्गमीटर | दुकान | सहमति पत्र |
| 11 | रेवती बाई / भुखन | सोनसाय / कवल सिंग | 12 | 10 | 819 | 241 वर्गमीटर | दुकान | सहमति पत्र |
| 12 | रेवती बाई / भुखन | भखन / सोनसाय | 12 | 10 | 819 | 72 वर्गमीटर | मकान | सहमति पत्र |
| 13 | गौरव / सुरंश | श्रवण / जोहतराम यादव | 02 | 10 | 889 | 1831 वर्गफीट | मकान | सहमति पत्र |
| 14 | सुदर्शन / भुजबल यादव | चैतीबाई / भुजबल यादव | 06 | 10 | 819 | 94.50 वर्गमीटर | मकान | शपथ पत्र |
| 15 | मीराबाई / गणेशराम | केशरी बाई / सोनी सिंग | 08 | 10 | 1063/1 | 36 वर्गमीटर | मकान | बिकीनामा |
| 16 | शंकर लाल / शंभुराम | शांति बाई / शंभुराम | 05 | 10 | 864/1 | 300 वर्गमीटर | मकान | शपथ पत्र |
| 17 | सविता बाई / नरभेराम | नरभेराम / कुन्तुराम | 10 | 10 | 911 | 16 वर्गमीटर | मकान | सहमति पत्र |
| 18 | संतुराम / जीवन लाल | लखन लाल / भगवान सिंह | 03 | 10 | 895/2 | 113 वर्गमीटर | मकान | बिकीनामा |
| 19 | हुमन देवागंन / लतेलराम | तरूण यादव / कृष्ण कुमार | 08 | 10 | 995/2 | 1110 वर्गफीट | भुमि | बिकीनामा |
| 20 | ओमबाई / कलाराम | अमनाबेगम / शेख महबुब | 02 | 10 | 53/2 | 106 वर्गमीटर | मकान | बिकीनामा |
| 21 | सधना सिन्हा / भागीरथी | गीता देवी / जेएल त्रिवेदी | 02 | 10 | 52/2 | 1505 वर्गमीटर | मकान | बिकीनामा |
| 22 | आशा बाई / रघुनाथ | बृजलाल / रामाधीन | 09 | 10 | 906 | 960 वर्गमीटर | मकान | वसीयतनामा |
| 23 | डायमंड / आशाराम | शिवानंद / ओकारेश्वर | 09 | 10 | 910 | 100 वर्गफीट | दुकान | बिकीनामा |
| 24 | कमितला पटेल / मनोज | तीजूराम / रामपरसुराम | 08 | 10 | 1061 | 1560 वर्गफीट | भुमि | बिकीनामा |
| 25 | निलिमा सिंह / दीपराज | पदमा मसीह / सेमसिंह | 02 | 10 | 858 | 85.25 वर्गफीट | मकान | शपथ पत्र |
| 26 | रूपा सिन्हा / गोवर्धन | अलारख / सुमार सेठ | 15 | 10 | 127/2 | 0.0186 हैक. | भुमि | पंजीकृत |
| 27 | तीज बाई/ मनोज साहु | सौरी देवी / एस.एस. | 02 | 10 | 53/2 | 52 वर्गमीटर | मकान | बिकीनामा |
| 28 | उत्पल यादव / लखन लाल | लखन लाल / मालिकराम | 09 | 10 | 906 | 390 वर्गफीट | दुकान | शपथ पत्र |
| 29 | उत्पल यादव / लखन लाल | मंदाकिनी / लखन लाल | 09 | 10 | 906 | 570 वर्गफीट | दुकान | शपथ पत्र |
| 30 | उत्पल यादव / लखन लाल | लखन लाल / मालिकराम | 06 | 10 | 819 | 2234 वर्गफीट | मकान | शपथ पत्र |
| 31 | उत्पल यादव / लखन लाल | मंदाकिनी / लखन लाल | 06 | 10 | 819 | 1575 वर्गफीट | मकान | शपथ पत्र |
| 32 | टुकेश्वर साहू/ भुवन लाल | नीता सार्वा / विजय सार्वा | 04 | 10 | 864/2 | 240 वर्गमीटर | दुकान | बिकीनामा |
| 33 | नलिनी सिंह / सुरज सिह | अमर सिंह / त्रिलोचन | 12 | 10 | 800/10 | 500 वर्गफीट | मकान | बिकीनामा |

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद गरियाबंद**
**जिला गरियाबंद ( छ.ग. )**

# जिला अधिवक्ता संघ चुनाव को दो दिनों का समय शेष, प्रत्याशियों ने लगाए एड़ी चोटी का जोर

## मतदान की तैयारी में जुटा निर्वाचन टीम, नीले व सफेद रंग की मतपत्र पर मतदाता करेंगे मतदान



**दुर्ग ( समय दर्शन )।** जिला अधिवक्ता संघ दुर्ग के दो वर्षीय कार्यकाल वाले प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव के लिए अब मात्र दो दिनों का समय ही शेष रह गया है। लिहाजा प्रत्याशियों ने प्रचार-प्रसार में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। जिससे जिला न्यायालय पूरे चुनावी रंग में रंगा हुआ है। इस चुनाव में कुल 17 पदों के लिए 64 प्रत्याशी मैदान पर है। जिनके भाग्य का फैसला कुल 1702 अधिवक्ता मतदाता करेंगे। 4 अप्रैल को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे के बीच जिला न्यायालय परिसर स्थित बार क्रमांक-4 के पास मतदान की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। 5 अप्रैल को सुबह 9 बजे से पदाधिकारी पदों के प्रत्याशियों की मतगणना और 6 अप्रैल को सुबह 9बजे से कार्यकारिणी सदस्य पद के प्रत्याशियों की मतगणना की जाएगी। मतगणना उपरांत अंतिम परिणाम घोषित किए जाएंगे। यह चुनाव अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कनिष्ठ उपाध्यक्ष (महिला आरक्षित 1 पद), सचिव, सह-सचिव के 2 पदों में 1 पद महिला आरक्षित , कोषाध्यक्ष, ग्रंथालय सचिव, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव के 2 पदों में 1 पद महिला आरक्षित के अलावा 7 कार्यकारिणी सदस्य पदों के लिए हो रहा है। कार्यकारिणी के 7 पदों में 2 पद महिला आरक्षित किया गया है। चुनाव में अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सचिव, और कोषाध्यक्ष पद के लिए कड़ा मुकाबला होने के आसार है। जिसके चलते प्रत्याशियों द्वारा अधिवक्ता मतदाताओं को रिझाने एड़ी चोटी का जोर लगाए हुए है। वहीं चुनाव में कुछ मुद्दे व दावे भी काफी हावी है। इसका प्रत्याशी लाभ उठाने में भी कोई कसर छोड़ते नजर नहीं आ रहे है।

इस चुनाव में कौन विजयी होगा या किस प्रत्याशी को पराजय का सामना करना पड़ेगा, फिरहाल यह वक्त बताएगा, लेकिन अधिवक्ता संघ के चुनाव में मचे घमासान ने चुनाव के परिणाम को रोचक बना दिया है। बहरहाल, चुनाव के लिए मात्र दो दिन का समय ही शेष रहने से जिला अधिवक्ता संघ चुनाव टीम द्वारा मतदान की सभी आवश्यक तैयारियां तेज कर दी गई है। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजीव पांडेय ने बताया कि मतदान के लिए 6 बूथ बनाए जाएंगे। प्रत्येक बूथ में 1 पेटी पदाधिकारी पद और 1 पेटी कार्यकारिणी सदस्य पद के मतदान के लिए रखी जाएगी। पदाधिकारी पद के मतदान के लिए नीले रंग की मतपत्र और कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए सफेद रंग की मतपत्र मतदाताओं को उपलब्ध करवाई जाएगी। मतदान के लिए मतदाताओं को जिला अधिवक्ता संघ का पहचान पत्र या अन्य पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। श्री पांडेय ने बताया कि चुनाव में पूरी पारदर्शिता बरतने निर्वाचन टीम काफी गंभीर है। मतदान पूर्व सभी मतदाताओं से एक घोषणापत्र भी भरवाया जाएगा। घोषणापत्र के माध्यम से वन बार वन इलेक्शन के नियमों का पालन सुनिश्चित कराया जाएगा। मतदान की तैयारियों में मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजीव पांडेय के साथ उप मुख्य चुनाव अधिकारी इसराईल शरीफ मुरली मनोहर देवांगन, राजेश महाडिक, श्याम मिश्रा, हरेन्द्र प्रसाद शाह, असीम कुमार सिंह व टीम के अन्य सदस्य जुटे हुए है।

## सीईओ ने किया जनपद पंचायत बेरला के विभिन्न ग्राम पंचायतों में मनरेगा कार्यों का निरीक्षण

**बेमेतरा( समय दर्शन )।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बेमेतरा श्रीमती प्रेमलता पद्माकर ने जनपद पंचायत बेरला के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों का निरीक्षण कर मनरेगा कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आजीविका डबरी, रिचार्ज पिट निर्माण, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, आंगनवाड़ी भवन निर्माण, महतारी सदन तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों का मौके पर निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान श्रीमती पद्माकर ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से चर्चा कर उन्हें जल संरक्षण से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से रिचार्ज पिट निर्माण और तालाब निर्माण जैसे कार्यों को बढ़ावा देने के लिए महिलाओं को प्रेरित किया तथा उनके आर्थिक सशक्तिकरण के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित करने का मार्गदर्शन भी दिया।उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से उनकी वर्तमान आर्थिक स्थिति, आजीविका गतिविधियों और समूह के कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए छोटे-छोटे आर्थिक कार्यों को शुरू करने और नियमित रूप से समूह की गतिविधियों को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने पाया कि मनरेगा के तहत संचालित अधिकांश कार्य संतोषजनक हैं और निर्धारित समय-सीमा में पूरे किए जा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए और योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ ग्रामीणों तक पहुंचाया जाए।

# 6 अप्रैल :भाजपा की स्थापना दिवस को लेकर तैयारी बैठक संपन्न

## बुथ से लेकर जिलास्तर तक दिखे और गुंजे भाजपा की स्थापना दिवस की आवाज - गजेंद्र यादव

## स्थापना दिवस पर जन-जन तक पहुंचानी है भाजपा की विचारधारा - नंदन जैन



**दुर्ग ( समय दर्शन )।** भारतीय जनता पार्टी की आगामी 6 अप्रैल को स्थापना दिवस को लेकर तैयारी बैठक का आयोजन दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक की अध्यक्षता में एवं कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला संगठन प्रभारी नंदन जैन, विधायक ललित चंद्राकर के प्रमुख उपस्थिति में संपन्न हुई आयोजित बैठक में आगामी 6 अप्रैल को भाजपा की स्थापना दिवस को लेकर केंद्रीय नेतृत्व के द्वारा आए हुए कार्यक्रम एवं भारत रत्न डॉक्टर बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल को माननी है कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई एवं दायित्व का निर्धारण तय किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेताओं के द्वारा कार्यक्रमों के संपादन की दृष्टिकोण से आवश्यक मार्गदर्शन और सुझाव प्रदान किया गया। आयोजित बैठक में मंचासीन अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, महापौर अल्का बाघमार, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य चंद्रिका चंद्राकर ,माया बेलचंदन, पदमा देवांगन, जिला महामंत्री दिलीप साहू, विनोद अरोरा, स्थापना दिवस कार्यक्रम समिति सदस्य जिला मंत्री शैलेंद्र शैंडे, गायत्री वर्मा, राजेश राजपूत, 14 अप्रैल अंबेडकर जयंती कार्यक्रम समिति सदस्य जिला उपाध्यक्ष राजीव पांडेय, खेमलाल देशलहरे डॉक्टर भारती साहू , अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश महामंत्री साजन जोसेफउपस्थित रहे।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि हम सभी जानते हैं 6 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी की स्थापना दिवस है हम उसे पार्टी के कार्यकर्ताएं जिसे हम उसे मां का दर्जा दिया है और मां का जन्म उत्सव मनाने का कार्य हम सभी को बड़ी संगठन के द्वारा तय किए गए कार्यक्रम और धूमधाम तरीके से करना है हम उसे पार्टी के कार्य करते हैं जो कहा वो किया हमने राम मंदिर बनाया, अनुच्छेद 370 हटाया, ऐसे कई जनहित करी निर्णय हमने किया जो हमारे देश के लिए हितकारी था आप सभी वह ऊर्जावान कार्य करता है जिसकी तारीफहमारा प्रदेश संगठन करता है अपने बड़े अच्छे ढंग से प्रशिक्षण वर्ग के कार्य को संपादन किया और कुछ मंडलों में अभी संपादन होना बाकी हर मन की बात में भी हम प्रथम स्थान प्राप्त करते हैं स्थापना दिवस कार्यक्रम को हमे बेहतर ढंग से मानना है।

श्री यादव ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह जी ने छत्तीसगढ़ को 31 मार्च तक नक्सल मुक्त की घोषणा की थी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार के दृढ़ इच्छा शक्ति के बदौलत आज हम इस पर सफल भी हो गए हैं आज हमारा प्रदेश नक्सल मुक्त हो चुका है न जाने कितने परिवार उजड़े लेकिन अब हथियार छोड़कर माओवादी मुख्य धारा पर लौट आ चुके हैं आज हमारा छत्तीसगढ़ नक्सल मुक्त पूरी तरह हो चुका है इसके लिए मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह , मुख्यमंत्री विष्णु साय को बधाई देता हूं।

## आमदी सेक्टर 9 श्री संकट मोचन पीपल वाले हनुमान मंदिर में न्यासीगण करेंगे तड़के तीन बजे प्रथम पूजन

**दुर्ग ( समय दर्शन )।** हनुमान जयंती के अवसर पर स्व.रायसाहब दाऊ माधो प्रसाद चंद्राकर एवं श्रीमती गजरा बाई चंद्राकर निजी न्यास के परिवारिक सदस्यों के द्वारा 2 अप्रेल दिन गुरुवार को तड़के सुबह तीन बजे हनुमान भगवान की प्रथम आरती की जायेगी।व्यवस्थापक नितीश चंद्राकर ने पीपल पेड़ वाले श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर (आमदी मंदिर), सेक्टर 9,भिलाई में सभी भक्तगण हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर शामिल होकर भगवान का आशीर्वाद लेने कि अपील कि है।उन्होंने आमदी मंदिर के न्यास के इतिहास के बारे में बताया कि श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर सेक्टर 9, ग्राम आमदी, भिलाई कुलदेवता स्व. रायसाहब दाऊ माधो प्रसाद चन्द्राकर ग्राम रिसामा आँधी चन्द्राकर परिवार मंदिर एवं न्यास का विवरण खंड क्रमांक 13612 दिनांक: 13अक्टूबर /1971श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा सन् 1866 में ग्राम आमदी के लंबरदार एवं मालगुजार स्व. रायसाहब दाऊ माधो प्रसाद चन्द्राकर उप नाम (ठगड़ा दाऊ) के द्वारा किया गया है।रायसाहब दाऊ माधो प्रसाद चन्द्राकर द्वारा श्री रामजानकी मंदिर दुर्ग एवं रायसाहब दाऊ माधो प्रसाद चन्द्राकर जलाशय - प्रचलित नाम ठगड़ाबांध का निर्माण भी दाऊ माधो प्रसाद चन्द्राकर द्वारा किया गया है। स्व. रायसाहब दाऊ माधो प्रसाद चन्द्राकर सेन्ट्रल प्रॉविंसेस के जूरी के सदस्य एवं कृषि रत्न की उपाधि से सम्मानित किये गये थे। इस मंदिर की देखरेख की व्यवस्था दाऊ माधो प्रसाद चन्द्राकर के मृत्यु के उपरान्त तत्कालीन माल गुजार स्व. दाऊ लाला राम चन्द्राकर एवं स्व. दाऊ विष्णु प्रसाद चन्द्राकर द्वारा किया जाता था। वर्तमान में इस मंदिर की देखरेख इनके वंशजों के द्वारा किया जा रहा है। श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर की अच्छे से देखरेख हो सके इस हेतु रायसाहब दाऊ माधो प्रसाद चन्द्राकर के वंशज डॉ. जीवन लाल चन्द्राकर द्वारा 13अक्टूबर 1971 न्यास का विधिवत गठन किया गया। इस न्यास के प्रथम अध्यक्ष स्व. डॉ. जीवन लाल चन्द्राकर, द्वितीय अध्यक्ष स्व. डॉ. मंगल प्रसाद चन्द्राकर, वर्तमान अध्यक्ष डॉ. भूधर लाल चन्द्राकर, सचिव प्रताप चंद्राकर एवं न्यास के व्यवस्थापक नितिश चन्द्राकर हैं स्व. रायसाहब दाऊ माधो प्रसाद चन्द्राकर न्यास के तरफ से पूजा के लिये स्व. नर्मदा प्रसाद तिवारी को पूजारी के रूप में नियुक्त किया गया था। वर्तमान में उनके परिवार के सदस्य कमलाकांत तिवारी, कृष्णकांत तिवारी मंदिर की देखरेख न्यास की सहमति से कर रहे हैं।यह जानकरी न्यास के व्यवस्थापक नीतीश चंद्राकर ने दी है!

## कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की, अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश

**बेमेतरा ( समय दर्शन )।** कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने आज कलेक्टरेट के दिशा सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को सौंपे गए लक्ष्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिए और कहा कि इसकी नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी।

बैठक में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत मास्टर रोल की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को अपूर्ण प्रविष्टियों को शीघ्र पूर्ण करने और पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ दिलाने के निर्देश दिए। इसी तरह राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के तहत स्व-सहायता समूहों की गतिविधियों की समीक्षा की गई। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान पहली से दसवीं कक्षा तक अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के प्रमाण-पत्र बनाए जाने की प्रगति की भी जानकारी ली गई।

कलेक्टर ने सभी विभागों में अनिवार्य बायोमेट्रिक उपस्थिति की स्थिति की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि अधिकारी एवं कर्मचारी समय पर कार्यालय पहुंचकर ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करें। उन्होंने कहा कि समय-सीमा की बैठक में लंबित पत्रों और प्रकरणों की लगातार मॉनिटरिंग की जाएगी तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड तथा आयुष्मान वय वंदन कार्ड की प्रगति की समीक्षा की गई। इसके अलावा चिरायु योजना, पोषण पुनर्वास केंद्र, जननी सुरक्षा योजना और मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की भी विस्तार से समीक्षा की

## ट्रेनिंग पूर्ण कर गांव लौटे सूबेदार पुष्पेंद्रराज खटर्जी का भव्य स्वागत, क्षेत्र में खुशी की लहर



**सक्ती ( समय दर्शन )।** जिले के ग्राम पंचायत धमनी में उस समय उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला, जब गांव के होनहार युवक पुष्पेंद्रराज खटर्जी एक वर्ष की कठिन ट्रेनिंग पूरी कर सूबेदार पद पर चयनित होकर अपने गृह ग्राम लौटे। उनके आगमन पर ग्रामीणों, परिजनों और मित्रों ने ढोल-नगाड़ों, डीजे और देशभक्ति गीतों के साथ भव्य स्वागत किया। पूरे गांव में जश्न का माहौल रहा और हर कोई इस उपलब्धि पर गर्व करता नजर आया।

पुष्पेंद्रराज खटर्जी का चयन छत्तीसगढ़ पुलिस में सूबेदार पद पर हुआ है। ट्रेनिंग पूर्ण करने के बाद पहली बार गांव पहुंचने पर लोगों ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया। युवा साथियों ने देशभक्ति गीतों पर नृत्य किया, वहीं बुजुर्गों ने आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।पुष्पेंद्रराज बचपन से ही मेधावी और परिश्रमी रहे हैं। उन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद अपनी पढ़ाई जारी रखी और लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर मेहनत की। उनके पिता स्वर्गीय छोटेलाल खटर्जी ग्राम पंचायत धमनी के कई बार सरपंच रहे और एक लोकप्रिय जनप्रतिनिधि के रूप में जाने जाते थे। उनके असामयिक निधन के बाद परिवार पर संकट आ गया था और घर की जिम्मेदारी उनकी माता एवं बहन पर आ गई थी।

कम उम्र में ही पिता का साया सिर से उठ जाने के बावजूद पुष्पेंद्रराज ने हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखा और निरंतर प्रयास करते हुए यह मुकाम हासिल किया। उनकी इस सफलता ने यह साबित कर दिया कि दृढ़ संकल्प और मेहनत से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।इस स्वागत कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दीपक मधुकर (सरपंच प्रतिनिधि, ग्राम धमनी), विजय केशी (जनपद सदस्य), युवराज साहू (उपसरपंच), ननकीदाऊ खटर्जी, लक्ष्मी प्रसाद बंजारे, कुमारजीव खटर्जी मनोज खटर्ज़ी बिहारी खटर्जी संदीप मनहर सुरेंद्र खटर्ज़ी विकास मधुकर विजेंद्र अमरपाल खटर्जी, दीपेश मधुकर, गणेश धीरहे, सम्मेलल मधुकर, विजय खटर्जी, प्रदीप खटर्जी, सोनू निराला, पेशराम खूंटे, रिक्सन कोयल, रोहित कोयल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन और महिलाएं उपस्थित रहे। पुष्पेंद्रराज की इस उपलब्धि से पूरा गांव गौरवान्वित है। ग्रामीणों ने कहा कि यह सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा है और इससे अन्य युवाओं को भी आगे बढ़ने का उत्साह मिलेगा। गांव में हुए इस स्वागत कार्यक्रम ने न केवल एक युवा की सफलता का जश्न मनाया, बल्कि पूरे समाज में सकारात्मक संदेश भी लेकर आया है।

# पाटन ब्लॉक के सरपंचों ने सौंपा एसडीएम को ज्ञापन



**पाटन ( समय दर्शन )।** पाटन ब्लॉक के अधिकांश सरपंच आज एसडीएम को ज्ञापन सौंपने पहुंचे, जहां उन्होंने गांवों में व्याप्त विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया।

सरपंचों ने निस्तारी व्यवस्था, पेयजल संकट, हितग्राही मूलक योजनाओं में आ रही दिक्कतें, प्रधानमंत्री आवास योजना और पेंशन से जुड़ी समस्याओं सहित कई अहम मुद्दों को विस्तार से रखा। साथ ही इन समस्याओं के जल्द निराकरण की मांग भी की गई।यह ज्ञापन जनकल्याण समिति पाटन के नेतृत्व में सौंपा गया। सरपंचों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि प्रशासन की ओर से ठोस पहल नहीं की गई, तो वे उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इसी कड़ी में आगामी 7 अप्रैल को बड़े आंदोलन की तैयारी भी की जा रही है, जिसमें विभिन्न गांवों से 10 हजार से अधिक ग्रामीण और हितग्राही पाटन में एकत्र होकर प्रदर्शन करेंगे।

फिलहाल, अब देखने वाली बात होगी कि प्रशासन इन मांगों पर कितनी गंभीरता से कदम उठाता है। एसडीएम ने प्राथमिकता के साथ सभी समस्याओं का हल करने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर युगल किशोर आडील,राकेश आदिल ,भास्कर वर्मा जनपद पंचायत पाटन सदस्य, विष्णु निषाद जनपद पंचायत पाटन सदस्य, उपसरपंच अशोगा द्रोपती साहू, महकाकला सरपंच जितेंद्र वर्मा, पूर्व सरपंच तारीघाट अशोक साहू, सरपंच सोरम नरोत्तम बजाज, उपसरपंच सोरम राजेश वर्मा, सरपंच टेमरी वरुण देव नेताम ,पूर्व सरपंच चांगोरी चंद्रशेखर वर्मा, सरपंच फूढ़ा रोशन वर्मा, टीकम यादव सरपंच भरर छविराम, भक्तुराम गायकवाड,चंगोरी सरपंच रजनी रामकुमार कुर्रे, सरपंच भरर कौसिल्या साहू, सरपंच सोरम शशिकिरण बजाज, सरपंच टेमरी वरुण देव नेताम, सरपंच गुजरा भूपेश कुमार पैहरी, सरपंच सेमरी कविता बाई, सरपंच पहन्दा झा दिनेश कुमार ठाकुर ,सरपंच कसही योगेश्वरी गायकवाड़ ,उपसरपंच अशोगा द्रोपती साहू, कुर्मी गुंडरा गोरे वर्मा , जनपद सदस्य भास्कर वर्मा , निक्कू वर्मा, पूर्व सरपंच चंगोरी शेखर वर्मा, सरपंच रेंगाकठेरा ममता राजू मेश्राम , सरपंच औसर प्रियलता महिपाल , गोडपेण्ड्री से तोरण साहू , तरीघाट से पूर्व सरपंच अशोक साहू सहित अन्य मौजूद रहें।

## 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती मनाई जैन समाज ने

**कोरबा।** जैन समाज की ओर से भगवान महावीर के जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा पुराने बस स्टैंड से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मंदिर परिसर तक पहुंची।शोभायात्रा के दौरान विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। यात्रा में 'जियो और जीने दो सत्य और अहिंसा' जैसे प्रेरणादायक संदेशों पर आधारित आकर्षक झांकियां शामिल की गईं, जिन्होंने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। आमजन ने इन झांकियों का अवलोकन कर जैन समाज की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मातृशक्ति की सहभागिता भी देखने को मिली, जिन्होंने पारंपरिक वेशभूषा में शोभायात्रा की गरिमा को और बढ़ाया। शहर का माहौल पूरी तरह धर्ममय और उत्साहपूर्ण बना रहा। शोभायात्रा के सफल संचालन में ट्रैफिक पुलिस, कोतवाली थाना एवं सीएसईबी चैकी के पुलिस स्टाफने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# संक्षिप्त-खबर

## अमोरा गांव में मनाया जा रहा हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन



**जांजगीर ( समय दर्शन )।** श्री नव दुर्गा शक्ति पीठ परिवार (बाबा चन्द्रबली सनातनी) एवं समस्त ग्रामवासी द्वारा नवागढ़ ब्लॉक के ग्राम अमोरा (महंत) में श्री महावीर हनुमान जन्मोत्सव एवं मेला का आयोजन किया जा रहा हैं। आयोजन के प्रथम दिवस 31 मार्च मंगलवार भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा में जिला पंचायत जांजगीर-चाम्पा के सभापति राजकुमार साहू शामिल हुए। कलश यात्रा शनि देव मंदिर भाठापारा (रामसागर तालाब) से प्रारंभ होकर पूरा गांव घूमते हुए पुन: शनि मंदिर पहुँची, 500 से ज्यादा कलश यात्री शामिल हुये कलश यात्रा के दौरान सभापति राजकुमार साहू साथ-साथ चल रहे थे। आयोजन में एक अप्रैल से 4 अप्रैल शनिवार तक भजन कीर्तन का आयोजन किया जाएगा, वहीं 4 अप्रैल शनिवार, दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक भण्डारा एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम रखा गया हैं इस कार्यक्रम कलश यात्रा मे सभी ग्रामवासी हर्षोल्लास के साथ उपस्थित रहे।

## राज्य शासन की पहल से जिले को मिली 15 एम्बुलेंस



**बालोद ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए बड़ा कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 108 संजीवनी एक्सप्रेस के तहत 375 नई एंबुलेंसों का लोकार्पण किया है,जिसमें बालोद जिले को 15 नई एंबुलेंस की सौगात मिली है। इस पहल के तहत 14 बेसिक लाइफसपोर्ट और 01 एडवांस्ड लाइफसपोर्ट एंबुलेंस शामिल हैं। नई व्यवस्था के अनुसार अब शहरी क्षेत्रों में 15 मिनट के भीतर और ग्रामीण क्षेत्रों में 30 मिनट के भीतर एंबुलेंस उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। इससे दूर-दराज के इलाकों में रहने वाले लोगों को भी समय पर इलाज मिल सकेगा। बेसिक लाइफसपोर्ट और एडवांस लाइफसपोर्ट एंबुलेंस में बीपी मॉनिटर, पल्स ऑक्सीमीटर, ईसीजी, ग्लूकोमीटर जैसी जांच सुविधाएं दी गई हैं। इसके अलावा ऑक्सीजन सपोर्ट, नेब्युलाइजेशन और अन्य जरूरी उपचार भी मौके पर ही उपलब्ध होंगे।

संयुक्त जिला कार्यालय बालोद में आज संजीवनी एक्सप्रेस की सभी वाहनों का आगमन हुआ। यहां जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, नगर पालिका परिषद बालोद की अध्यक्ष प्रतिभा चैधरी, उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि कृष्णकांत पवार सहित मुख्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्य अधिकारी जेएल उइके की उपस्थिति में सभी एंबुलेंस की विधिवत पूजा अर्चना कर झंडी दिखाकर जिले के सभी विकासखंड में रवाना किया गया।

## ग्राम चेचानमेटा (बिरनपुर) में अवैध उत्खनन की शिकायत पर खनिज विभाग की जांच, मौके पर कुछ नहीं मिला

**बेमेतरा ( समय दर्शन )।** जिले में अवैध उत्खनन एवं परिवहन की शिकायत मिलने पर खनिज विभाग की टीम ने ग्राम चेचानमेटा (बिरनपुर), तहसील साजा में मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच के दौरान मौके पर किसी प्रकार का अवैध उत्खनन अथवा अवैध परिवहन होते हुए नहीं पाया गया।

मौके पर मौजूद ग्राम वासियों ने बताया कि जिस स्थान पर गड्ढा दिखाई दे रहा है, वह पूर्व में किया गया उत्खनन है। वहीं राजस्व हल्का पटवारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त उत्खनित क्षेत्र निजी भूमि है, जो महिन्द्रा स्पंज आयरन, नरेश कुमार एवं अन्य के नाम से दर्ज है। खनिज विभाग द्वारा उक्त उत्खनित क्षेत्र के संबंध में जमीन मालिक को नोटिस जारी करने की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही संबंधित ग्राम सरपंच को निर्देश दिए गए हैं कि भविष्य में यदि उक्त स्थल पर किसी भी प्रकार का अवैध उत्खनन या परिवहन होता है तो उसकी सूचना तत्काल विभाग को दें। मौके का पंचनामा भी तैयार कर अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया गया है।

## निधन: किशोर चन्द्राकर



**दुर्ग।** कसारीडीह निवासी कृषि उपज मंडी के पूर्व अध्यक्ष किशोर चन्द्राकर (तमोरा वाले) 63 वर्ष का बुधवार को निधन हो गया। वे विगत दो माह से गंभीररुप से बीमार थे।उनका अंतिम संस्कार 02 अप्रैल, गुरुवार को सुबह 10 बजे गृहग्राम तमोरा ( गाड़ाडीह ) में किया जाएगा। वे श्रीमती श्लेषा चन्द्राकर के पति, भाजयुमो नेता सानिध्य चन्द्राकर , सभ्यता चन्द्राकर के पिताजी एवं डां. श्रद्धेय चन्द्राकर के बड़े पिताजी थे ।

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग ( छ.ग. ) 491111 से मुद्रित कर बी-4, प्रेस काम्प्लेक्स, इंदिरा मार्केट, दुर्ग छ.ग. 491001 से प्रकाशित। संपादक :- रोहित खड़तकर,
समाचार संपादक : दामोदर राव, फोन नं.-0788-4051213, मो. 9827104452, रायपुर कार्यालय:-0771-4218364, ईमेल - samay.darshan191@gmail.com पं. क्र. CHHHIN/2011/41517 डाक पंजीयन क्रमांक छ.ग./दुर्ग/61/2024-26